दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 7 दिसंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 245 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

भूपेश ने अपने लिए मांगा जय सिंह का बंगला और सुरक्षा का लावलश्कर, रमन के ट्वीट से नौकरशाही सकते में

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते अपने आखरी हस्ताक्षर में मांगा भी तो अपने लिए सुरक्षा का लावलश्कर और पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल वाला बंगला। इधर पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने एक ट्वीट कर नौकरशाही को आगाह कर दिया कि अफसर इस बात का ध्यान रखें कि बैक डेट में फाइलें निपटाने की कोशिश ना करें। आप प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा है। जब तक प्रदेश में नई सरकार का गठन नहीं होता तब तक ऐसे किसी प्रकार के अनुचित कार्य से बचना चाहिए। बताया जा रहा है कि नौकरशाही के किसी सूत्र ने डॉ. रमन सिंह को खबर दी कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस फाइल पर आखरी साइन किए उसमें उन्होंने अपने लिए सुरक्षा चार से बढ़ाकर छह स्वीकृत कर ली साथ ही जयसिंह अग्रवाल वाला बंगला भी एलाट करवा लिया। अब नई सरकार यह जांच करने वाली है कि यह फाइल 'बैक डेट' में साइन हुई या 'सेम डेट' में। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास एक बंगला पहले से ही शांति नगर में अलाट है जिसमें उनके पिताश्री नंद कुमार बघेल का कार्यालय और निवास है। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री का प्रोटोकाल होता है इसलिए उन्होंने अपने लिए एक सेपरेट बंगला भी अलाट करा लिया है।

विधानसभा में ब्राम्हणविहीन हुई कांग्रेस, भाजपा के 4 ब्राम्हण जीते

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में इस बार कांग्रेस ब्राम्हणविहीन हो गई है। 2000 से लेकर अब तक यह पहली बार होगा। जब सदन में एक भी कांग्रेस से ब्राम्हण समाज का कोई विधायक नहीं होगा। जबकि सत्ता में फिर लौटी बीजेपी के 4 विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। इसके अलावा दो अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्याशी रहे मोहम्मद अकबर और कुलदीप जुनेजा भी चुनाव हार गए। इस तरह अब विधानसभा में कोई अल्पसंख्यक विधायक भी नहीं होगा।

2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 8 ब्राम्हण समाज के प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा था। जहां सभी प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। वहीं बीजेपी ने 6 प्रत्याशी उतारे थे जिनमें 4 जीते और 2 हार गए। कांग्रेस की बात करें तो रायपुर ग्रामीण से इस बार सत्यनारायण शर्मा की जगह उनके बेटे पंकज शर्मा, रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास, गरियाबंद जिले के राजिम विस से अमितेश शुक्ल, दुर्ग शहर से अरूण वोरा, बेमेतरा जिले के साजा सीट से रविंद्र चौबे, बिलासपुर से शैलेष पांडेय और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलौदाबाजार सीट से शैलेष नितिन त्रिवेदी चुनावी मैदान में थे। भारतीय जनता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

तीन राज्यों में भाजपा की सरकार क्या बनी आईएनडीआईए में खलबली मच गई है। इसमें शामिल क्षेत्रीय क्षत्रप अब सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को ही नसीहत देने लगे हैं। लगता है लोकसभा चुनाव तक यह नये नाम वाला पुराना गठबंधन टूटेगा नहीं तो कमजोर जरूर पड़ जाएगा। हो सकता है कि साझे की हाँडी चौराहे पर फूटने वाली कहावत चरितार्थ हो जाए। सत्ता के सेमीफाइल में भाजपा के हाथों मिली हार से सबक लेकर गठबंधन को मजबूत बनाना चाहिए न कि उसकी गाठें खोलनी चाहिए। बड़ी पार्टी ही नहीं बल्कि छोटे दल भी बड़ा दिल दिखाएं।

विधानसभा जीतने वाले छत्तीसगढ़ के 2 समेत 10 सांसदों का इस्तीफा

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 सांसद चुनाव जीते जबकि 9 हार गए। जीते हुए 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। छत्तीसगढ़ के सरगुजा लोकसभा सांसद रेणुका सिंह और राजस्थान से चुनाव जीतने वाले बालकनाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। संसद की सदस्यता छोड़ने वालों में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर लोकसभा सीट से अरूण साव, रायगढ़ लोकसभा से गोमती साय, मध्य प्रदेश से नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। जबकि राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने चार सांसदों दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन, पत्थलगांव से कांग्रेस के रामपुकार सिंह के खिलाफ गोमती साय, भरतपुर-सोनहत सीट से कांग्रेस के गुलाब कमरो के खिलाफ रेणुका सिंह और लोरमी से कांग्रेस के थानेश्वर साहू के खिलाफ अरुण साव को चुनाव लड़वाया। इनमें से गोमती, रेणुका और अरुण चुनाव जीत गए। विजय बघेल को हार मिली।

मुख्यमंत्री पर 3 दिन में फैसला, 10 को शपथ ग्रहण की चर्चा

पिछले तीन दिनों से गली-मोहल्लों में इस बात पर बहस जारी है कि विधानसभा की 90 में से 54 सीटें हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी, आखिर राज्य की कमान किस नेता को सौंपेगी? भाजपा के कई नेता मान कर चल रहे हैं कि केंद्रीय नेतृत्व किसी नए चेहरे को मुख्यमंत्री बना सकता है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का चेहरा जल्द ही सामने होगा। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि तीन दिन के अंदर सीएम को लेकर फैसला हो जाएगा। पर्यवेक्षक जल्द ही विधायकों की बैठक लेंगे। चर्चा है कि 8 दिसंबर को विधायक दल की बैठक हो सकती है और 10 दिसंबर को शपथ ग्रहण हो सकता है। मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं की, चार घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद यह जानकारी सामने आई है कि भाजपा मुख्यमंत्री चयन के लिए अपने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जल्द कर सकती है और पर्यवेक्षक की उपस्थिति में रायपुर में विधायक दल की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस्तीफा देने वाले सांसद मोदी से मिले

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों का रिजल्ट घोषित हुए तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री को लेकर असमंजस बरकरार है। अभी तक बीजेपी विधायक दल की बैठक और सीएम के नाम को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया है। इधर, विधायक बने भाजपा के 2 सांसदों ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। इनमें अरूण साव और गोमती साय शामिल हैं। जिन लोकसभा सांसदों ने इस्तीफा दिया है, उनकी सीट पर उपचुनाव नहीं होंगे, क्योंकि लोकसभा चुनावों में अब 6 महीने से भी कम समय बचा है। अरूण साव बिलासपुर लोकसभा, गोमती साय रायगढ़ और रेणुका सिंह सरगुजा लोकसभा से सांसद थे। इस्तीफा देने के बाद विधायक बने सांसद संसद भवन में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले।

लोकसभा में शाह ने नेहरू की पढ़ी चिट्ठी, जोरदार हंगामा

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार 6 दिसंबर को तीसरा दिन था। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पर जवाब देते हुए अमित शाह ने जवाहर लाल नेहरू को कोट किया। गृह मंत्री ने कहा- 'नेहरू ने शेख अब्दुल्ला को लिखा था कि कश्मीर मुद्दा यूएन ले जाना गलती थी।' शाह के बयान पर कांग्रेस समेत विपक्ष ने हंगामा किया। शाह ने कहा कि मैंने वही बात कही, जो खुद नेहरू ने अब्दुल्ला से कही थी। शाह ने ये भी कहा कि कश्मीर में सेना जीत रही थी, तभी सीजफ ायर कर दिया गया। नेहरू की गलती से पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) बन गया। देश की जमीन का जाना नेहरू का ब्लंडर था। लोकसभा में तीसरे दिन की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के माफी मांगो के नारे के साथ शुरू हुई। भाजपा ने डीएमके सांसद सेंथिल कुमार से उनके गौमूत्र वाले बयान पर सदन में माफी मांगने को कहा। हंगामे के बाद सेंथिल ने लोकसभा में माफी मांग ली। उन्होंने कहा- कल अनजाने में मेरे द्वारा दिए गए बयान से किसी सदस्या या वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं अपना बयान वापस लेता हूं। मुझे इसका अफसोस है। मंगलवार को सेंथिल कुमार ने कहा था कि भाजपा की ताकत केवल हिंदी बेल्ट के उन राज्यों को जीतने में ही है, जिन्हें हम आमतौर पर गोमूत्र राज्य कहते हैं। जिस पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। सेंथिल के इस बयान को लोकसभा के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है।

8 दिसंबर को होगी छत्तीसगढ़ कांग्रेस की हार की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की करारी हार हुई है। इस हार की समीक्षा 8 दिसंबर को एआईसीसी में होगी। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और महासचिव केसी वेणुगोपाल हार की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, पूर्व सीएम भूपेश बघेल शामिल होंगे। इस बैठक में पुरे प्रदेश की स्थिति से लेकर विधानसभा वार विधायकों के हारने की क्या वजह रही? डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत मंत्रियों के हारने का क्या कारण रहा है? इन विषयों पर चर्चा होगी। कांग्रेस पार्टी को सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है ऐसे में संभावना है कि सरगुजा संभाग के बड़े कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं।

तूफान मिचौंग से चेन्नई में तबाही हेलिकॉप्टर से पहुंचाया जा रहा खाना

चेन्नई (एजेंसी)। बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराया। उससे पहले तूफ ान ने चेन्नई में काफ ी तबाही मचाई। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश हुई। बारिश के चलते कई इलाके पिछले दो दिनों से बाढ़ में डूबे हैं। कई इलाकों में 72 घंटे से बिजली नहीं आ रही। इंटरनेट बंद पड़ा है। भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से बाढ़ में फ ंसे लोगों तक खाना पहुंचाया जा रहा है। तमिलनाडु में तूफ ान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हो गई। चेन्नई शहर पानी में डूब गया, जिसके कारण 17 लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5060 करोड़ रुपये की सहायता राशि की मांग की है। तूफान मिचौंग बुधवार को तेलंगाना पहुंचते ही कमजोर पड़ गया। उधर साइक्लोन के चलते ओडिशा में बारिश हो रही है। इधर छत्तीसगढ़ में चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर आज भी दिख रहा है। जिसके कारण प्रदेश में बुधवार को अधिकतम तापमान में काफी ज्यादा गिरावट है। प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बस्तर संभाग के जिलों में भारी बारिश की संभावना है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के जिलों में हल्की से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

करणी सेना अध्यक्ष को गोली मारने वाला सेना का जवान

जयपुर (एजेंसी)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में 5 दिसंबर को उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली है। इनमें एक शूटर मकराना का रोहित और दूसरा हरियाणा के महेंद्रगढ़ का निवासी नितिन फ ौजी है। नितिन अभी सेना में है। उसी ने गोगामेड़ी के सिर में गोली मारी थी। इस हत्याकांड की जांच के लिए राजस्थान पुलिस ने एसआईटी भी गठित कर दी है। बताया जा रहा है कि नितिन नवंबर में छुट्टी लेकर घर (महेंद्रगढ़) आया था। फिर वो चला गया। घरवालों को इसकी जानकारी नहीं थी कि नितिन कहां गया। जब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सचिन, विराट, अमिताभ-अंबानी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए 7000 लोगों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत समेत 3 हजार वीवीआईपी के नाम हैं। लिस्ट में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली का भी नाम है। इसके अलावा देशभर से 4000 साधु-संतों को बुलाया जा रहा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सिनेमा जगत से कंगना रनौत, अभिनेता अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार और सिंगर आशा भोंसले को बुलाया है। देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी और रतन टाटा को भी न्योता भेजा गया है। इसके अलावा मीडिया के लोगों को बुलाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मीडिया को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 50 देशों से एक-एक प्रतिनिधि को बुलाने का प्रयास है। 50 कारसेवक परिवार के लोगों को भी बुलाया गया है, जिन्होंने आंदोलन के दौरान जान गंवाई थी। विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा के अनुसार, हमने उन पत्रकारों को भी बुलाया है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कांग्रेस नेता ने मुंह पर कालिख पोती, खड़गे ने कमलनाथ से हार की वजह पूछी

भोपाल/नवप्रदेश। ग्वालियर में ग्रामीण किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री योगेश दंडोतिया ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने मुंह पर कालिख पोत ली। उन्होंने कहा, 'फूल सिंह बरैया को मुंह काला नहीं करने दूंगा, इसीलिए मैंने अपना मुंह काला किया है। कल भोपाल जाकर बरैया का समर्थन करूंगा।' दतिया जिले की भांडेर सीट से विधायक चुने गए बरैया ने मंगलवार को कहा था कि वे 7 दिसंबर को भोपाल में राजभवन के सामने अपना मुंह काला करेंगे। चुनाव में हेरफेर की गई है। विधानसभा चुनाव वे पहले भी बरैया ने कहा था कि अगर भाजपा को 50 सीटें भी मिल गईं तो वे राजभवन के सामने अपना मुंह काला करेंगे। इधर, मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली हार पर कांग्रेस में मंथन जारी है। बुधवार को दिल्ली में पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस मीटिंग में राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कमलनाथ से खड़गे ने हार के कारणों के बारे में पूछा। आलाकमान ने उनसे पीसीसी चीफ के लिए नाम मांगे हैं। इस्तीफा देने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के नए सीएम, आज लेंगे शपथ

हैदराबाद (एजेंसी)। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी तेलंगाना के मुख्यमंत्री होंगे। राहुल गांधी ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। राहुल ने कहा कि रेवंत रेड्डी को तेलंगाना में सीएम पद के लिए चुना गया है। मंगलवार को दिल्ली में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया, जिसमें राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई सीनियर नेता मौजूद थे। बैठक के बाद केसी वेणुगोपाल ने कहा- रेवंत रेड्डी को तेलंगाना का सीएम बनाने का फैसला लिया गया है। वे 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे सीएम पद की शपथ लेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में पार्टी की जीते के बाद से सीएम पद के लिए रेवंत रेड्डी का नाम लगभग तय था। 6 दिसंबर की शाम उनका शपथ ग्रहण समारोह भी होना था, लेकिन पार्टी में विरोध के चलते इसे रद्द करना पड़ा। सीएम के रूप में रेवंत रेड्डी के शपथ ग्रहण का विरोध करने वालों में पूर्व तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख एन उत्तम कुमार रेड्डी, पूर्व सीएलपी नेता भट्टी विक्रमार्क, पूर्व मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पूर्व डिप्टी सीएम दामोदर राजनरसिंहा शामिल हैं। इन नेताओं ने रेवंत रेड्डी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यह पहला मौका नहीं है, जब रेवंत रेड्डी को पार्टी में विरोध का सामना करना पड़ा है। इससे पहले जब 2021 में उन्हें तेलंगाना कांग्रेस का प्रभार सौंपा गया था। तब भी उन पर पद पाने के लिए करोड़ों रुपए देने का आरोप लगा था।

■ न्यूज गैलरी

सड़क दुर्घटना में 7 की मौत, 25 घायल

काहिरा(वार्ता/शिन्हुआ)। दक्षिणी मिस्र के मिन्या प्रांत में पूर्वी रेगिस्तानी सड़क पर मंगलवार को एक बस के पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सुबह के घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के कारण बस फुटपाथ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना के तुरंत बाद एम्बुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। अभियोजन पक्ष ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मिस्र में तेज गति, सड़कों के खराब रखरखाव और यातायात कानूनों के ढीले कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाएं हर साल हजारों लोगों की जान ले लेती हैं।

अंतरिक्ष में संचार में सक्षम दूरबीन स्थापित

कैनबरा(वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में बुधवार को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ संचार करने में सक्षम एक नया टेलीस्कोप स्थापित किया गया। आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में क्वांटम ऑप्टिकल ग्राउंड स्टेशन से अंतरिक्ष में डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए अनुकूली ऑप्टिकल तकनीक तथा लेजर का उपयोग करता है, जिससे अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष मिशनों और उसके यात्रियों के साथ संचार और फिल्मांकन की अनुमति मिलती है। कैनबरा के पश्चिम में ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी माउंट स्ट्रोमलो वेधशाला पर स्थापित यह स्टेशन उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान भी करेगा। एएनयू इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस के निदेशक अन्ना मूर ने सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन को बताया, वैश्विक संचार के लिए अगली पीढ़ी की क्षमता के मामले में यह विश्व में पहला है। स्टेशन का निर्माण ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र की सरकार और ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी की चंद्रमा से मंगल ग्रह की पहल के समर्थन से किया गया है।

भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन

मनीला(वार्ता /शिन्हुआ)। दक्षिणी फिलीपीन के सुरिगाओ प्रांत में पिछले शनिवार को आए 7.4 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने एक नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि मिंडानाओ द्वीप के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक क्षेत्र में एक की मौत हो गई, और द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में दो अन्य की मौत हो गई। एजेंसी ने कहा कि अपतटीय भूकंप से 48 अन्य घायल हो गए। इसमें कहा गया है कि तेज भूकंप से तीन क्षेत्रों के लगभग 530,000 निवासी प्रभावित हुए हैं। शनिवार रात सुरिगाओ डेल सुर प्रांत के हिनाटुआन शहर से लगभग 30 किमी उत्तर पूर्व में 25 किमी की गहराई पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप आने के बाद से 3,330 से अधिक झटके आए, जिनमें से दर्जनों की तीव्रता पांच और छह से अधिक थी।

जेपी नड्डा ने केन्या के राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली(वार्ता)। भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज यहां केन्या की सत्तारूढ़ पार्टी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक अलायंस के नेता और वर्तमान में देश के राष्ट्रपति विलियम एस रूतो से मुलाकात की। भाजपा ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि श्री नड्डा ने मेहमान राष्ट्रपति को भाजपा के दृष्टिकोण और संगठनात्मक ढांचे के बारे में जानकारी दी जिसमें आर्थिक रूप से वंचितों, महिलाओं और समाज में हाशिए पर रहने वाले समूहों के उत्थान तथा इसके लिए सामाजिक समावेशन में उनके प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। श्री नड्डा ने 'भाजपा को जानें' पहल के तहत भाजपा के साथ पार्टी दर पार्टी बातचीत शुरू करने के लिए यूडीए के एक प्रतिनिधिमंडल को भारत में आमंत्रित किया है।

दिल्ली में एयूआई में गिरावट, 301 के साथ बहुत खराब श्रेणी में रही हवा की गुणवाा

नई दिल्ली(ए.)। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह बहुत खराब श्रेणी में आ गई। शहर का समग्र एक्यूआई 301 तक पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के आनंद विहार में पीएम 2.5 का स्तर 358 और पीएम 10 का 279 के साथ बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ, जबकि कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) 70 और एनओ2 का स्तर 85 था। दोनों संतोषजनक श्रेणी में थे।

शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा माना जाता है, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है। बवाना में पीएम 2.5 का स्तर 350 पर बहुत खराब श्रेणी और पीएम 10 का 229 (खराब) दर्ज किया गया, जबकि सीओ 64 (संतोषजनक) तक पहुंच गया।

आया नगर में, बुधवार सुबह पीएम 2.5 बहुत खराब श्रेणी के तहत 332 पर पहुंच गया, जबकि पीएम 10 मध्यम श्रेणी के तहत 189 पर था। मौसम केंद्र पर संतोषजनक श्रेणी के तहत सीओ 68 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर-8 में पीएम 10 का स्तर 361 और पीएम 2.5 का 326 दर्ज किया गया। दोनों बहुत खराब श्रेणी में हैं। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल 3 पर हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में थी, जिसमें पीएम 2.5 का स्तर 317 और पीएम 10 का 163 मध्यम श्रेणी में था, जबकि सीओ 64 पर पहुंच कर संतोषजनक श्रेणी में था।

ओखला फेज-2 में पीएम 2.5 का स्तर 342 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है, जबकि पीएम 10 का 226 तक पहुंच गया, जो खराब श्रेणी में है। एनओ2 102 पर और सीओ 102 पर दर्ज किया गया। दोनों मध्यम स्तर पर थे।

चीन में मध्यम भूकम्प के झटके

बीजिंग(वार्ता)। चीन में चिली के एसेन के तट पर मध्यम भूकम्प के झटके महसूस किये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात 01:58 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई में 44.25 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 78.39 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में राजस्थान बंद

जयपुर(वार्ता)। श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजस्थान बंद के आह्वान के तहत बुधवार सुबह राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में बाजार बंद रहे वहीं जगह जगह लोग सड़कों पर उतर आये और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बंद का काफी असर देखने को मिल रहा है कि और जयपुर में सी स्कीम , राजा बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर बाजार बंद है वहीं खातापुरा मोड़ सहित विभिन्न जगहों पर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी तरह जोधपुर सहित अनेक जगहों पर बाजार बंद है और प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। बंद का व्यापारी सहित अन्य लोगों का समर्थन मिल रहा है। श्री गोगामेड़ी की बदमाशों ने उनके घर में घुसकर गोली मारकर मंगलवार को हत्या कर दी थी।

सीएम चुनने में भाजपा को नहीं है जल्दबाजी आराम से होगा तीनों राज्यों में सरकार गठन

नई दिल्ली(ए.)। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नई सरकारों के गठन को लेकर भाजपा नेतृत्व नए नेता के चुनाव के लिए तीनों राज्यों का व्यापक फीडबैक जुटा रहा है। मंगलवार को मध्य प्रदेश को लेकर कई प्रमुख नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। इस बीच राजस्थान में वसुंधरा राजे के समर्थन में जुट रहे विधायकों पर भी पार्टी की नजर है। राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी जयपुर में हैं। तीनों राज्यों में भाजपा नेतृत्व नई सरकारों के गठन को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि कहीं भी किसी तरह की दिक्कत नहीं है और इस सप्ताह के आखिर तक तीनों राज्यों में नए नेताओं का चयन कर लिया जाएगा। इस बीच राजस्थान में वसुंधरा राजे से मिल रहे भाजपा विधायकों को लेकर भी पार्टी ने कोई खास तवज्जो नहीं दी और इसे सामान्य ही माना है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और प्रभारी अरुण सिंह जयपुर में है और वहां की स्थितियों पर नजर रखे हैं। मध्य प्रदेश को लेकर भी पार्टी में हलचल रही है। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से अलग-अलग मुलाकातें की हैं। प्रदेश के अन्य नेता भी केंद्रीय नेताओं से मुलाकातें कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार पार्टी विभिन्न स्तरों से फीडबैक ले रही है। इसके बाद ही नए नेता का फैसला होगा। दरअसल, पार्टी राज्य की भावी राजनीति के साथ लोकसभा के समीकरणों को भी ध्यान में रख रही है। वह नए नेतृत्व को उभारने और सामाजिक समीकरणों को भी पूरी तरह से संतुलित कर चलेगी। इन राज्यों के साथ दूसरे राज्यों की राजनीति का भी ध्यान में रखा जा रहा है।

राजगढ़ में बोरवेल में गिरी मासूम हार गई जिंदगी की जंग

राजगढ़(वार्ता)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में बीती शाम बोरवेल के गडढे में गिरी पांच साल की मासूम को बाहर तो निकाल लिया गया, मगर वो जिंदगी की जंग हार गई। मासूम को उपचार के लिए भोपाल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। यह हादसा पिपलिया के रसोड़ा गांव में हुआ जहां पांच साल की मासूम माही बोरवेल के गड्ढे में गिर गई, जिसे बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने मिलकर अभियान चलाया। लगभग 10 घंटे चले राहत और बचाव अभियान के बाद माही को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बताया गया है कि माही अपने मामा नाना के गांव पिपलिया रसोड़ा आई थी और वह खेत में खेल रही थी तभी वह गड्ढे में जा गिरी। लगभग डेढ़ सौ फीट गहरे गड्ढे में गिरी माही 17 फीट की गहराई पर फंस गई थी। उसे सांस में दिक्कत न हो इसके लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई। साथ ही लगातार उससे बातचीत का सिलसिला जारी रखा गया।उसे सुरक्षित बाहर निकल गया मगर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पाकिस्तान से सीमा पार कर हिंदुस्तान आई एक और दुल्हन...

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बीते कुछ महीनों में दो चर्चित लव स्टोरी सामने आ चुकी हैं। चार बच्चों की मां सीमा हैदर नेपाल के रास्ते यूपी के नोएडा आकर रहने लगी है और उसने सचिन मीणा से शादी भी कर ली है। ऐसा तब हुआ, जबकि सचिन उम्र में उससे 8 साल छोटा है। इसके अलावा राजस्थान के अलवर की रहने वाली अंजू पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा चली गई थी। अब ऐसी ही एक और लव स्टोरी सामने आई है। पाकिस्तान की रहने वाली जवेरिया खानम 45 दिन के वीजा पर भारत आई हैं। वह कोलकाता में रह रहे अपने मंगेतर से शादी के लिए यहां आई हैं।

मंगलवार को जवेरिया खानम ने वाघा-अटारी बॉर्डर पर भारतीय सीमा में प्रवेश किया। जेवरिया खानम और उनके मंगेतर समीर खान की अगले साल जनवरी में शादी होगी। अटारी सीमा पर ढोल नगाड़ों की थाप के साथ समीर खान के परिवार ने जवेरिया खानम का स्वागत किया और साथ में कोलकाता लेकर गए। मीडिया से बात करते हुए जवेरिया खान ने कहा कि कोरोना के चलते उनकी शादी टल गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में दो बार उनका भारत आने का वीजा खारिज हो गया था। यदि ऐसा नहीं होता तो वह पहले ही शादी कर लेते। खानम ने कहा, 'मुझे 45 दिनों का वीजा मिला है। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। यहां आते ही मुझे इतना ज्यादा प्यार मिला है। जनवरी के पहले सप्ताह में हम दोनों शादी कर लेंगे।' उन्होंने कहा कि यह एक हैपी एंडिंग और सुखद शुरुआत है। घर आकर किसी को भी खुशी मिलती है। मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा है कि 5 सालों के बाद मुझे वीजा मिल गया है। समीर खान ने बताया कि मैंने खानम की तस्वीर अपनी मां के फोन में देखी थी और शादी करने की इच्छा जताई थी। मैंने अपनी मां से कहा था कि मां जवेरिया खानम से शादी करना चाहता हूं। अब 5 सालों के बाद दोनों की मुलाकात हो सकी है।

इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16,248 हुई

गाजा(वार्ता)। गाजा पट्टी पर इजरायली बमबारी में सात अक्टूबर से अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 16,248 हो गई है और अन्य 43,616 लोग घायल हुए हैं। एन्क्लेव सरकार के सूचना केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, 'अस्पतालों में भर्ती शवों की संख्या बढ़कर 16,248 हो गई है।

केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड के सीएजी ऑडिट का दिया आदेश

नई दिल्ली(ए)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड के भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक से ऑडिट कराने का आदेश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल ने जल बोर्ड के पिछले 15 साल के कैग ऑडिट का आदेश दिया है। यह आदेश बोर्ड में अनियमितताओं को लेकर उठ रहे सवालों के मद्देनजर दिया गया है। सूत्र ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सूत्र ने आगे कहा कि कैग ऑडिट का फैसला दिल्ली जल बोर्ड में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उठाई गई चिंताओं के मद्देनजर लिया गया था।

सूत्र ने कहा, केजरीवाल ने कहा कि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली के वित्त विभाग ने वित्तीय कुप्रबंधन के बारे में चिंता जताई है, लेकिन वित्तीय अनियमितताओं या दोषी अधिकारियों के विशिष्ट उदाहरणों की ओर इशारा नहीं किया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा है कि इसी वजह से कैग ऑडिट जरूरी हो गया था।

केरल हाई कोर्ट ने नाबालिग बलात्कार पीड़िता के 30 सप्ताह के गर्भ को गिराने की याचिका खारिज की

कोच्चि(ए.)। केरल उच्च न्यायालय ने 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता के गर्भावस्था के 30वें सप्ताह में गर्भपात की उसकी माँ की याचिका खारिज कर दी है।

जस्टिस देवन रामचंद्रन ने मेडिकल बोर्ड की राय देखने के बाद कहा कि अब गर्भपात संभव नहीं है और इस स्तर पर बच्चे को जीवित जन्म देना होगा। अदालत ने कहा, अप्रिय रूप से, यह ऐसा मामला नहीं है जहां गर्भावस्था के कारण पीड़ित बच्चे के स्वास्थ्य को कोई खतरा है; न ही भ्रूण में कोई घातक असामान्यताएं पाई गई हैं। गर्भावस्था लगभग 9वें महीने में है और भ्रूण का वजन और वसा बढ़ कर जन्म के समय के अंतिम वजन के करीब आ रहा है। इसके महत्वपूर्ण अंग, जैसे मस्तिष्क और फेफड़े, लगभग पूरी तरह से विकसित हो चुके हैं और गर्भ के बाहर जीवन की तैयारी कर रहे हैं। अदालत ने स्पष्ट किया, इसमें कोई संदेह नहीं है कि बच्ची अभी भी बहुत छोटी है - केवल 13 से 14 साल की उम्र में, और उसके साथ जो हुआ वह निश्चित रूप से वैधानिक बलात्कार है। न्यायाधीश ने यह स्पष्ट कर दिया कि ये टिप्पणियाँ केवल वर्तमान मामले के संदर्भ में की गई हैं और इसे आरोपी के पक्ष में नहीं समझा जाना चाहिए, जो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत कार्यवाही का सामना कर रहा है। न्यायाधीश ने पीड़ित बच्ची के गर्भपात की अनुमति को अस्वीकार कर दिया क्योंकि गर्भावस्था अंतिम चरण में है।

दिल्ली नहीं जाऊंगा... सीएम पद पर खुलकर दावा नहीं, इशारों में हर बात कह गए शिवराज

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भविष्य पर कयास लग रहे हैं। भाजपा ने विस चुनाव में शानदार जीत हासिल करते हुए 163 सीटें पाई हैं। इसके बाद भी शिवराज सिंह चौहान सीएम बनेंगे या नहीं, यह अभी तय नहीं है। इस बीच हमेशा संभलकर बोलने वाले शिवराज सिंह का भी बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने सीएम पद पर खुलकर दावेदारी तो नहीं की है, लेकिन इशारों से बहुत कुछ कहा है।

उन्होंने वीडियो जारी कर कहा था कि मैं भाजपा कार्यकर्ता हूं और जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरा करूंगा। यही नहीं मीडिया से बाद में बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि मैं दिल्ली नहीं जा रहा हूं। शिवराज ने कहा था कि मैं दिल्ली नहीं बल्कि छिंदवाड़ा जा रहा हूं, जहां की सातों सीटें हम नहीं जीत सके। हमारा लक्ष्य है कि भाजपा को 2024 में सभी 29 सीटें मध्य प्रदेश में जिताकर दी जाएं। इस तरह शिवराज सिंह चौहान ने यह बताने की कोशिश की कि वह अब भी एमपी के सबसे बड़े नेता हैं और वह बिना कोई मांग किए लोकसभा इलेक्शन में जुट गए हैं। शिवराज सिंह चौहान की यह स्मार्ट स्ट्रैटेजी मानी जा रही है, जिसमें उन्होंने खुलकर कुछ कहा नहीं है और संकेतों में अपनी दावेदारी भी जता दी है। अपने बयान में शिवराज सिंह चौहान ने कई बार पीएम मोदी के नेतृत्व का जिक्र किया और खुद को सौभाग्यशाली बताया। इस तरह उन्होंने राजस्थान में वसुंधरा राजे की तरह शक्ति प्रदर्शन जैसी चीजों से दूरी बना ली है और अपने काम को गिनाया है। शिवराज ने एक वीडियो शेयर कर कहा कि बहनों फिर से 10 तारीख आ रही है, 'लाडली बहना योजना' की राशि फिर आपके खाते में डाली जाएगी।

गोमूत्र विवाद पर बढ़े बवाल के बाद बैकफुट पर विपक्ष डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने संसद में मांगी माफी

नई दिल्ली(वार्ता)। हिंदी भाषी राज्यों को गोमूत्र बेल्ट कहने वाले डीएमके सांसद एस. सेंथिलकुमार ने बुधवार को सदन में माफी मांग ली और अपने बयान पर खेद जताया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही इस पर जमकर हंगामा हुआ था और भाजपा सांसदों ने डीएमके सांसद के खिलाफ नारेबाजी की थी। सेंथिल तीन हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा की जीत का जिक्र पर तंज कसते हुए कहा था कि उसने गोमूत्र वाले राज्यों में जीत हासिल की है। इस मसले पर दक्षिण बनाम उत्तर की जंग छिड़ती दिख रही थी और भाजपा ने तो इसे लेकर कांग्रेस तक पर हमला बोल दिया था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसे देश और सनातन के खिलाफ बताते हुए माफी की मांग की। इसके चलते लोकसभा की

कार्यवाही भी 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। फिर जब दोपहर 12 बजे के बाद सदन दोबारा शुरू हो तो सेंथिलकुमार ने माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि मैं अपने बयान को लेकर दुख जताता हूं और उसे वापस लेता हूं। उन्होंने कहा कि इसे संसद की कार्यवाही से भी हटा लेना चाहिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि यह पहले ही बाहर हो चुका है और आपको माफी मांगनी चाहिए थी, जो आपने मांग ली है। यह मसला दक्षिण बनाम उत्तर का रूप लेता जा रहा था। भाजपा ने तो इसे लेकर कांग्रेस को भी घेरना शुरू कर दिया था और कहा था कि यह भारत की संस्कृति, सनातन धर्म और देश का अपमान है। भाजपा के एक सांसद ने तो इसी बहाने राहुल गांधी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेठी में हारने के बाद राहुल गांधी ने भी उत्तर और दक्षिण भारत को बांटने वाला बयान दिया था। दरअसल डीएमके के सेंथिलकुमार ने भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए संसद में कहा था कि वह हिंदी भाषी राज्यों में ही जीत सकती है, जिन्हें हम गोमूत्र राज्य कहते हैं। अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में दिए इस बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि इंडिया गठबंधन और विपक्षी दलों का अहंकार लगातार हार के बाद भी सातवें आसमान पर है. ऐसी टिप्पणी उनकी अज्ञानता के सिवा कुछ और नहीं दिखाती है।

कांग्रेस पर बचा उत्तर भारत का सिर्फएक ही राज्य

उनका यह बयान चुनाव नतीजों के बाद उत्तर और दक्षिण में राजनीतिक ट्रेंड को लेकर छिड़ी बहस के बीच आया था। कांग्रेस ने दक्षिण के तेलंगाना में जीत हासिल की है, जबकि भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीती है। कांग्रेस की बात करें तो उसके पास उत्तर भारत में सिर्फहिमाचल प्रदेश में ही सरकार है। इसके अलावा दक्षिण के कर्नाटक और तेलंगाना में वह सत्ता में है।

पन्नू ने फिर उगला जहर
13 दिसंबर से पहले भारत के संसद पर करेंगे हमला

नई दिल्ली(ए.)। खालिस्तानी आतंकवादी और सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू ने फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। उसने एक वीडियो जारी किया है। इसमें उसने कहा है कि उसे मारने की कथित विफल साजिश के बाद 13 दिसंबर या उससे पहले भारत के संसद पर वह हमला करेगा। आपको बता दें कि 13 दिसंबर के ही दिन 2001 में संसद पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमला किया था।

वीडियो में 2001 के संसद हमले के दोषी अफ्जल गुरु का पोस्टर और 'दिल्ली बनेगा खालिस्तान' शीर्षक दिया गया है। पन्नू ने कहा कि भारतीय एजेंसियों द्वारा उसे मारने की साजिश विफल हो गई है। वह 13 दिसंबर या उससे पहले संसद पर हमला करके इसका जवाब देगा। आपको बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र के बीच यह

वीडियो सामने आया है। सोमवार से शुरू हुआ यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा।

पन्नू का धमकी भरा वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के के-2 डेस्क ने पन्नू को भारत विरोधी बयान देने और इसे प्रचारित करने के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। पिछले महीने द फाइनेंशियल टाइम्स ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि अमेरिकी अधिकारियों ने पन्नू को मारने की साजिश को नाकाम कर दिया। साथ ही उन्होंने भारत सरकार को चेतावनी भी जारी की थी। पन्नू अमेरिका स्थित सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) का प्रमुख है। यह संगठन भारत में प्रतिबंधित है। अमेरिकी जांच एजेंसियों ने आदालत में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का भी आरोप लगाया। चेक गणराज्य के अधिकारियों ने निखिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

भारत ने अमेरिका द्वारा भारतीय अधिकारी को पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति से जोड़ने को चिंता का विषय बताया था। भारत ने कहा था कि आरोपों की जांच करने वाले पैनल के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अब राजधानी में देर रात तक नहीं खुलेंगी दुकानें, 11 बजे बंद करने का फरमान जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अब देर रात तक दुकानें नहीं खुली रहेंगी। शहर में अब रात 11 बजे तक बाजार बंद होगा। इसके साथ ही अवैध अतिक्रमणों पर भी तेजी से कार्रवाई होगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में एस एस पी प्रशांत अग्रवाल ने कानून व्यवस्था संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस के अधिकारियों सहित नगर निगम रायपुर और बीरगांव के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर डॉ. भुरे ने रायपुर शहर में यातायात को भी सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों के किनारे लगी गुमठियों और अस्थायी दुकानों, ठेलों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए ताकि इनसे लोगों को आने-जाने में होने वाली परेशानी और भीड़ के कारण लगने वाले जाम से निजात मिल सके। सड़कों और स्कूलों के आस-पास अवैध रूप से संचालित पान ठेलों, अस्थायी दुकानों और गुमठियों को हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आसामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए और कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। अवैध चखना सेंटर पर कार्रवाई करें देर रात तक चलने वाले एवं समय सीमा के बाहर चलने वाले क्लब, बार तथा सड़क-हाइवे इत्यादि पर पार्टी और अड्डेबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों पर त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि दोनों नगर निगम में अतिक्रमण विरोधी दस्ता बनाया जाए, जो अवैध अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी एडीएम पुलिस अधिकारियों के साथ रात में गस्त करें और कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करें।

अफसरों-कर्मचारियों ने बीजेपी को दिए ज्यादा वोट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले बहुमत के बाद कांग्रेस नेताओं ने हार का आकलन शुरू कर दिया है। आंकड़े बताते हैं कि कांग्रेस की सरकार और उनके विधायकों से न केवल जनता, बल्कि अफसर और कर्मचारी भी नाराज थे। इस बात का खुलासा निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से हुआ है। आंकड़ों का आकलन करने पर पता चलता है कि चुनाव में 103753 डाक मतपत्र निर्वाचन आयोग को प्राप्त हुए थे। इनमें से 43023 में बीजेपी के लिए मुहर लगी थी। वहीं 40768 डाक मत-पत्र कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में थे। प्रदेश में बीजेपी को 54, कांग्रेस को 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को एक विधानसभा सीट पर जीत मिली है। इसके अलावा शेष डाकमत पत्र अन्य पार्टियों और निर्दलीय को भी प्राप्त हुए है। इस विधानसभा चुनाव में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग और अनिवार्य सेवा ड्यूटी में लगे मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए वोट किया था। डाकमत पत्र डालने वाले मतदाताओं ने बीजेपी के पक्ष में ज्यादा वोट दिया है।

भाजपा विधायक दल की 8 को हो सकती है बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में शानदार जीत हासिल करने के बाद जल्द ही भाजपा विधायक दल की बैठक होने वाली है। संभवतः 8 दिसंबर को यह बैठक हो सकती है। इस बैठक में दल का नेता भी चुना जाएगा, हालांकि सीएम के नाम की घोषणा आलाकमान ही तय करेगा। वहीं प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव भी इसी सिलसिले में दिल्ली गए हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ अफसरों के हाथ-पांव फूल गए हैं। बताया जाता है कि कुछ फाईलों में वे बेकडेट अंकित कर फाईल आगे बढ़ा रहे हैं। इसकी जानकारी होने पर पूर्व सीएम डा. रमन सिंह ने कल ट्वीट करते हुए लिखा था-कुछ सूत्रों से मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रदेश के कुछ अधिकारी महत्त्वपूर्ण फ़ाइलों को बैक डेट अंकित कर स्वीकृत कर रहे हैं जोकि पूर्णतः अनुचित है। मैं ऐसे सभी अधिकारियों को बताना चाहता हूं कि आप प्रशासनिक व्यवस्था के हिस्से हैं और जब तक प्रदेश में नई सरकार का गठन नहीं होता तब तक ऐसे किसी भी प्रकार के अनुचित कार्य करने से आप सभी को बचना चाहिए।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस आज

रायपुर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालक सैनिक कल्याण, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही. एस. एम (से.नि), द्वारा छत्तीसगढ के सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

डीआरएम कार्यालय में मनाया अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर के साहू, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी एशोसिएशन के डिविजनल प्रेसिडेन्ट भोली चौधरी, मंडल सचिव वाय के मिहुलिया, मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर व भगवान बुद्ध के चित्रों पर श्रद्धांजली स्वरूप श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी एशोसिएशन पदाधिकारी के द्वारा बुद्ध वंदना की गई।

एक्शन मोड में बृजमोहन बोले, अब नहीं चलेगा गुंडाराज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार सुनिश्चित होने के बाद रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल एक्शन में आ गए हैं। अपनी नई का आगाज वे धमाकेदार अंदाज में कर रहे हैं। मंगलवार रात उनके निर्देश पर देर रात तक खुलने वाली छोटा पारा और बैजनाथ पारा की दुकानें पुलिस द्वारा रात 10:30 बजे ही बंद करा दी गई। बृजमोहन ने साफ कह दिया है कि रायपुर शहर में अब गुंडाराज नहीं कानून का राज चलेगा। गुंडागर्दी करने वाले, नागरिकों को परेशान करने वाले सलाखों के पीछे जाएंगे। कांग्रेस राज में रायपुर के छोटा पारा और बैजनाथ पारा एक तरह से अपराधियों का गढ़ बन गया था। यहां की दुकानें देर रात तक गुलजार रहती थी। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस सरकार के सबसे ताकतवर लोगों का यह इलाका था, यहां उनके गुर्गों की धमक थी। बेखौफ अपराधियों का यह ठिकाना रहता था। इस वजह से क्षेत्र की आम जनता त्रस्त थी। उनकी शिकायतों को कांग्रेस सरकार के दबाव में पुलिस नजर अंदाज करती थी। बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस विषय पर कई दफा पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति जताई थी। किंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बृजमोहन ने कहा कि भाजपा की सरकार में लोगों की सुरक्षा का ख्याल रखना हमारा पहला कर्तव्य है। बीते 5 वर्षों में रायपुर शहर सहित संपूर्ण प्रदेश में अपराध बढ़े हैं। इन बढ़े अपराधों को रोककर लोगों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करना बेहद जरूरी है।

राज्यपाल ने डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने निवास में डॉ. अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के वंचित एवं कमजोर तबके के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए हमेशा शोषितों और पीड़ितों के लिए आवाज बुलंद की और सदैव दलितों की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया। भारत के संविधान निर्माण में उनकी मुख्य भूमिका थी। वे हमारे देश के गौरव पुत्र है। उनका योगदान चिरस्मरणीय है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल सहित राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अतिक्रमण पर बुलडोजर, मेकाहारा के पास तोड़ी दुकानें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन से पहले ही प्रशासन का एक्शन जारी है। रायपुर में अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर बुधवार को भी चल रहा है। डेंटल कॉलेज और मेकाहारा अस्पताल के पास अवैध रूप से चल रही दुकानों को हटाया गया। वहीं वीआईपी रोड पर बनी दुकानों को जमींदोज किया गया। संजय नगर इलाके में भी 12 दुकानें तोड़ी गई। सभी जोन में तोड़फोड़ के लिए खास दस्ता बनाया गया है। इसके अलावा बिलासपुर में शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना सेंटरों को तोड़ने के लिए नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। दुर्ग में भी खुले में शराब पीने, चखना सेंटर के खिलाफ अभियान चलाया गया। वहीं रायगढ़ में अवैध कब्जा करने वालों को एक सप्ताह में हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

मूंछ मुंडवाने वाले बयान पर फंसे पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम आने के बाद भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है. प्रदेश में कांग्रेस की हार और बीजेपी की जीत हर ओर चर्चा है. वहीं सियासी बयानबाजी भी जारी है. इस बीच पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के मूंछ मुंडवाने वाले बयान पर बीजेपी उन्हें रेडार में लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. अब अमरजीत भगत को केदार कश्यप ने आड़े हाथों लिया है और कहा कि भगत चाहे तो मैं ही उनकी मूंछ मुड़वाने में उनकी मदद करूंगा. बता दें कि चुनाव से पहले पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के मूंछ मुड़वाने के बयान और उनके वीडियो वायरल होने पर भाजपा नेता केदार कश्यप ने कहा कि जनता ने उनके गुरुर को तोड़ने का काम किया, उनके दावे खत्म हो गए. अमरजीत भगत मेरे पड़ोसी हैं वे चाहे तो मैं ही उनकी मूंछ मुड़वाने में उनकी मदद करूंगा. बुलडोजर को लेकर भाजपा नेता केदार कश्यप ने कहा कि भ्रष्टाचार, कुशासन पर बुलडोजर चलेगा. जो गलत करेगा, उस पर बुलडोजर चलेगा. हमारे कार्यकर्ताओ में जोश और जुनून है. छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री के चेहरे पर केदार कश्यप ने कहा कि उद्देश्य था कि सरकार बने. सभी जगह बेहतर परिणाम और सबका समर्थन प्राप्त हुआ. सबका साथ, सबका विकास यही लेकर चलते हैं. विधायक दल की बैठक के बाद सीएम का फैसला होगा। बस्तर और सरगुजा की सीट पर मिली बढ़त को लेकर केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस ने 75 पार की बात कही थी. सारे दिग्गज नेता हार गए. पीसीसी चीफ दीपक बैज घमंड के साथ कहते थे मैं केवल फॉर्म भरने जाऊंगा, वोट मिल जायेगा फिर प्रमाण पत्र लूंगा. कांग्रेस ने जनता को टॉलरेट किया. भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने उन्हें हराया है। खुद के सीएम बनने की इच्छा पर केदार कश्यप ने कहा मैंने दावा नहीं किया. भाजपा ने पद प्रतिष्ठा सम्मान दिया है. मुझे विधायक मंत्री प्रदेश में महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई. इसे बड़ा दायित्व और क्या हो सकता है.

महादेव सट्टा ऐप केस आरोपी के पिता ने किया सुसाइड

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार कोरियर असीम दास के पिता सुशील दास (65) ने आत्महत्या कर ली है। दुर्ग पुलिस ने सुशील दास का शव मंगलवार को गांव के ही कुएं से बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बेटे की गिरफ्तारी के बाद से सुशील दास काफी परेशान चल रहा था। मामला अंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सुशील दास 5 साल से अछोटी में चौकीदार था और रूपेश गौतम के फॉर्म हाउस में काम करता था। ड्यूटी के बाद जब वह अपने कमरे में नहीं मिला और घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। इस पर फॉर्म हाउस में बने कुएं में ही उसका शव बरामद हुआ। अंडा थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि कुएं से एक डेड बॉडी मिली है, जिसकी पहचान 62 वर्षीय सुशील दास के रुप में की गई है। मामले की जांच की जा रही है। 2 नवंबर को ईडी ने रायपुर के ट्रायटॉन होटल में और भिलाई के एक मकान में छापेमारी की थी। इस दौरान 5 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद हुई। ड्राइवर असीम दास और पुलिस कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी असीम दास ने करोड़ों रुपए कांग्रेस नेताओं को पहुंचाने की जानकारी दी थी । दोनों आरोपी फिलहाल जेल में हैं।

कलिंगा विश्वविद्यालय में कैंपस ड्राइव

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफरैंकिंग में शीर्ष 101- 150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। 1 दिसंबर 2023 को, कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग (सीसीआरसी) द्वारा ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। कलिंगा यूनिवर्सिटी के 11 छात्रों को पुणे की बहुराष्ट्रीय कंपनी एएसपी ओएल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, ऑपरेशन मैनेजर और एचआर मैनेजर द्वारा विभिन्न पदों के लिए चुना गया। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की गई - लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और साक्षात्कार। कैम्पस प्लेसमेंट कंपनियों और छात्रों के बीच समन्वय स्थापित करता है।

7 महीने से गायब प्रेमी-जोड़े की लाश मिली

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अभनपुर इलाके में पिछले 7 महीने से गायब प्रेमी जोड़े का शव बरामद हुआ है। लाश राजिम रोड पर एक खेत पर पड़ी हुई थी। बुधवार दोपहर वहां से गुजर रहे किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जांच में मृतकों की पहचान फिंगेश्वर निवासी कुंती यादव और सागर वर्मा के रूप में हुई। लाश की पहचान होने के बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। आशंका जताई जा रही है कि इन्होंने जहर खाकर आत्महत्या की है। लाश 4 से 5 दिन पुरानी बताई जा रही है। दरअसल सागर और कुंती मई माह से अचानक घर से गायब हो गए थे। इसमें कुंती की शादी हो चुकी थी। वो अपने ससुराल से अचानक निकल गई थी। वहीं युवक सागर अविवाहित था। दोनों के बीच प्रेम संबंध था। जिसके बाद दोनों के घरवालों ने अभनपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस को इस कपल की तलाश थी। अभनपुर पुलिस ने जब मौके पर जाकर छानबीन की तो लाश के आसपास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। लेकिन खेत के पास में ही कुछ डिस्पोजल मिला। इस मामले में अभनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में देखा गया कि प्रेमी जोड़ों का शरीर नीला पड़ गया था। जिससे आशंका है कि उन्होंने जहर खाकर खुदकुशी की होगी। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। परिजनों को सूचना दी गई। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत की असल वजह सामने आएगा।

एक्सेल टेली दे रहा रोजगार मूलक कोर्स, मिला रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर स्थित एक्सेल टेली अब तक सैकड़ों प्रशिक्षार्थियों को रोजगार देने में सफल रहा है। टैली एजुकेशन बैंगलोर से अधिकृत संस्था रायपुर स्थित टेली एजुकेशन इंस्टीट्यूट है, जो पूर्णत रोजगार मूलक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट है। इस कोर्स को करने पर विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभ और इस कोर्स से जुड़े सभी तरह की जानकारी से अवगत कराते हुए एक्सेल टेली के संचालक मनोज चावला ने बताया कि इस सीएटी कोर्स में टेली प्रोफेशनल का कोर्स कराया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत कई युवक युवतियों को रोजगार पाने में सफल रहें हैं । इसमें सीएटी अर्थात् सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्रिशियन का कोर्स होता है, यह कोर्स ऐसे विधार्थी जो कंप्यूटर और अकाउंटिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते है, वे लोग जो नए कौशल को सीख रोजगार पाना चाहते है, ऐसे सभी विधार्थियो को एक्सेल टेली आमंत्रित करता है। जिसका सर्टिफिकेट टैली बैंगलोर से दिया जाएगा। इस कोर्स में जीएसटी, टीडीएस, टीसीएस, पेरोल, ई इनवॉइस, ई-वे बिल, जैसे एडवांस अकाउंटिंग सिखाया जाएगा, साथ ही बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी जायेगी । जिसमें एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाईट जैसे ऑफिस टूल्स सिखाया जाएगा। इसका सर्टिफिकेट सीएससी एकेडेमी से दिया जाएगा। इसके साथ ही इसमें सॉफ्ट स्किल एंड पर्सनेलिटी डेवलपमेंट ऑनलाइन कोर्स रहेगा । जिसका सर्टिफिकेट भी सीएससी एकेडेमी से प्राप्त होगा। उसके पश्चात् बेसिक कंप्यूटर हार्डवेयर सिखाया जाएगा । इसका सर्टिफिकेट नाइसटेक से प्राप्त होगा। साथ ही में हिंदी इंग्लिश टाइपिंग सिखाया जाएगा। ये सभी सीखने के बाद इंटरनशिप प्रोग्राम का फायदा मिलेगा, जो को किसी फर्म, ऑडिटर, चार्टेड अकाउंटेंट, ऐसे जगहों से रीयल टाईम ऑडिट सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह से यह ऐसा रोजगार मूलक कोर्स बनाया गया है जिसे करने के बाद रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती है । नाइसटेक कंप्यूटर मात्र एक ऐसी संस्थान है जो 31 वर्ष से जिले में कंप्यूटर सिखाने, रोजगार उपलब्ध कराने में अग्रणी रहता है।

पुलिस ने अभियान चलाकर 243 आरोपितों को भेजा जेल

रायपुर/नवप्रदेश। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। गुंडा, बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों के अलावा अड्डेबाजों पर कार्रवाई की गई। प्रतिबंधात्मक धाराओं सहित अन्य अपराधों के कुल 243 आरोपितों के विरूद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा गया। होटल, ढाबा और अन्य दुकानों को निर्धारित समयावधि में बंद कराया गया। अभियान कार्रवाई के दौरान मंगलवार को 10 आरोपितों के विरूद्ध आबकारी एक्ट, 12 पर आर्म्स एक्ट, चार आरोपितों के विरूद्ध जुआ एक्ट और 183 आरोपितों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा विभिन्न अपराधों के 16 स्थायी वारंट और 18 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई। इसके साथ ही रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों सहित, क्राइम टीम, पेट्रोलिंग (सीपीपी) व 112 की टीमों द्वारा थाना क्षेत्रो में पेट्रोलिंग कर भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घूमने वालों पर कार्रवाई की गई। वहीं आम स्थानों पर शराब पीने, शराब पीने के लिए स्थान उपलब्ध कराने, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की चेकिंग करने के साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रेलवे ट्रैक के आसपास, होटल, लाज एवं ढाबों की भी चेकिंग की जा रही है।

सरकार बदलते ही जेल में मिलने वाली वीआइपी सुविधाएं की बंद

रायपुर/नवप्रदेश। मनी लांड्रिंग, कोयला, शराब घोटाला और महादेव एप के मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदियों की वीआइपी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। जेल प्रशासन ने सरकार बदलते ही सुविधाओं पर रोक लगा दी है। महिला और पुरुष दोनों सेल में विशेष सुविधाएं मिल रही थी। उन्हें अब सामान्य कैदियों की तरह रखा जा रहा है। उनके साथ ही खाना भी दिया जा रहा है। जेल सूत्रों की मानें तो यह सुविधाएं सोमवार से बंद कर दी गई हैं। अब तक सभी को अलग-अलग बैरक में रखा गया था। वहां उनके खाने से लेकर सोने तक की सुविधाएं अलग थीं। खबर यह भी है कि एसी भी हटवा दी गई है। जेल प्रशासन को अंदेशा है कि कभी भी औचक निरीक्षण हो सकता है। ऐसे में तैयारी कर ली गई है। कैदियों को अपनी सामाजिक स्थिति और आर्थिक प्रोफाइल के आधार पर 'वीआइपी स्थिति' के लिए आवेदन करने का अधिकार है।

महापौर एजाज ढेबर को हटाने भाजपा पार्षद हुए एकजुट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राजधानी रायपुर की शहरी सत्ता में भी उठापटक शुरू हो गया है। महापौर एजाज ढेबर के खिलाफ भाजपा पार्षद एकजुट हो गए हैं। नगर निगम मुख्यालय में कल हुई भजपा पार्षद दल की बैठक में एक स्वर से महापौर को हटाने की बात कही। बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली प्रचंड मतों से जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त किया गया । दुबे ने कहा कि रायपुर शहर के चारों विधानसभा में और लगभग शहर के 70 वार्डों मे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की बहुमत से जीत यह प्रमाणित करता है कि शहर की जनता वर्तमान महापौर की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट है। अतः नैतिकता के आधार पर महापौर को इस्तीफा दे देना चाहिए। सत्तापक्ष के पार्षदों के वार्डो में भी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशियों की जीत बहुमत से हुई है। इससे स्पष्ट है कि सत्तापक्ष के पार्षद महापौर की कार्यप्रणाली के कारण अपने वार्डो में भी जीत नहीं दिला पाये।

संपादकीय

बीती ताहि बिसार के आगे की सुध लेने की जरूरत

पांच राज्यों के लिए हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम भाजपा के लिए नई उम्मीदें जगाने वाले हैं। मध्यप्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने आशातीत सफलता प्राप्त की हैं। वहीं तेलंगाना में भी उसने पहली बार आठ सीटें जीतकर वहां अपनी पैठ मजबूत की है। तेलंगाना में कांग्रेस को सफलता मिली है जो उसे नई ऑक्सीजन देगा किन्तु राजस्थान,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हाथ से निकल गए जो कांग्रेस के लिए गहन चिंता का विषय हैं। इन तीन राज्यों में मिली पराजय से कांग्रेस को सबक सीखने की आवश्यकता है। यद्यपि कांग्रेस पार्टी पराजय के कारणों की समीक्षा कर रही है लेकिन कांग्रेस के ही कुछ नेता अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की कोशिश कर रहें हैं। जबकि उन्हें अपने खिलाफ जनादेश को विनम्रता पूर्वक स्वीकारना चाहिए और इन तीनों ही राज्यों में मतदाताओं ने उन्हें जो विपक्ष की भूमिका सौंपी हैं उसका जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करना चाहिए क्योंकि पांच माह बाद लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से ही होगा। क्योंकि इन तीनों प्रदेशों में अन्य कोई पार्टी अपना जनाधार नहीं रखती है। आईएनडीआईए में जब भी लोकसभा सीटों के बंटवारे की नौबत आएगी राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ही हिस्से में लगभग सभी सीटें आएंगी ऐसी स्थिति में कांग्रेस को बीती ताहि बिसार के आगे की सुध लेने की जरूरत है। किन्तु ऐसा लगता है कि कांग्रेस अभी तक इन तीन राज्यों में मिली करारी शिकस्त के सदमें से नहीं उभर पाई। यही वजह है कि उसके कुछ नेता हार के कारणों पर मथन करने की जगह ईवीएम पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। और ऐसा करके वे अपनी ही खिल्ली उड़वा रहें हैं। स्थिति यह है कि कांग्रेस के सहयोगी दल ही अब कांग्रेस को आईना दिखा रहें हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो तीन राज्यों में कांग्रेस की पराजय पर तंज कसते हुए यहां तक कह दिया है कि अब कांग्रेस का घमंड टूट गया होगा। दरअसल समाजवादी पार्टी ने मध्यप्रदेश में कुछ विधानसभा सीटों पर अपना दावा किया था और कांग्रेस से सीटों के बंटवारे की बातचीत की थी। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से चर्चा की बात भी कही थी लेकिन फिर समाजवादी पार्टी को ठेंगा दिखा दिया और सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिए। जिसकी वजह से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच मतभेद बढ़ गए और उसका असर अब आईएनडीआईए पर पड़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह दिसंबर को आईएनडीआईए की जो बैठक बुलाई थी। उससे न सिर्फ समाजवादी पार्टी ने किनारा कर लिया। बल्कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई सहयोगी दलों के नेताओं ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया। सभी ने अलग अलग कारणों से बैठक में आने में असमर्थता जता दी। इनमें से कई नेताओं ने तो इस बात पर भी अपत्ति जताई है कि कांग्रेस ने उनसे राय मशवरा लिए बगैर बैठक बुला ली। नतीजतन कांग्रेस को आईएनडीआईए की बैठक स्थगित करनी पड़ गयी। कांग्रेस को चाहिए की गठबंधन का सबसे बड़ा दल होने के कारण वह बड़ा दिल दिखाए। गठबंधन में शामिल सभी घटक दलों का विश्वास हासिल करें और पांच माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व गठबंधन को मजबूती दें ताकि 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी चुनौती दी जा सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि कांग्रेस हाईकमान अब विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों मिली हार के सदमें से उभर कर लोकसभा चुनाव में भाजपा विरोधी सभी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट करने के काम में जुट जाएगी और भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एग्जिट पोल, बड़ा झोल

योगेश कुमार गोयल

तेलंगाना विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के समापन के साथ ही पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम सर्वे एजेंसियों ने अपने-अपने एग्जिट पोल्स का प्रसारण कर दिया था। मिजोरम में 7 नवम्बर, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर, मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर, राजस्थान में 25 नवम्बर और तेलंगाना में 30 नवम्बर को मतदान हुआ था। अधिकांश एग्जिट पोल में राजस्थान और मध्य प्रदेश में सत्ता के लिए कांटे की टक्कर होने का अनुमान लगाया था लेकिन कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी थे, जिनमें किसी में कांग्रेस की एकतरफा जीत का अनुमान व्यक्त किया गया था तो किसी में भाजपा की। राजस्थान में आज तक-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कांग्रेस के 86-106 जबकि भाजपा के 80-100 सीटें जीतने का अनुमान लगाया था, वहीं जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें और भाजपा को 100-122 सीटें मिलने का अनुमान था। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 94-104 सीटें मिलने का अनुमान था जबकि भाजपा के 80-90 सीटों पर ही सिमटने की भविष्यवाणी भी थी जबकि दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 95-115 और कांग्रेस को 105-120 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई थी। जन की बात के एग्जिट पोल में भाजपा को 100-123 और कांग्रेस को 102-125 सीटें मिलने का अनुमान था। टीवी-9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में कहा गया था कि भाजपा को 106 और कांग्रेस को 111-121 सीटें मिल सकती हैं। छत्तीसगढ़ में तो लगभग सभी एग्जिट पोल कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने की बात कही गई थी। राजस्थान में न्यूज 24-टुडेज चाणक्य ने भाजपा को 77-101, कांग्रेस को 89-113 और अन्य को 2-16 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया था। इसी प्रकार भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने क्रमशः 80-100, 86-106 तथा 9-18, टीवी9-पोलस्टार ने 100-110, 90-100 तथा 5-15, दैनिक भास्कर ने 95-115, 105-120 तथा 0-15 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की थी। वहीं एबीपी-सी वोटर ने भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को क्रमशः 94-114, 71-91 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। चुनावी नतीजे देखें तो राजस्थान में भाजपा को 115, कांग्रेस को 69 तथा अन्य को 15 सीटें मिली हैं जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा को 164, कांग्रेस को 65 और अन्य को 1 सीट मिली हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में भी भाजपा तमाम एग्जिट पोल के अनुमानों से परे 54 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत हासिल करने में सफल रही है। विभिन्न एग्जिट के मुताबिक मिजोरम में एमएनएफ को 14 से 18, कांग्रेस को 8 से 10, जेपीएम को 12 से 16 सीटें मिलने के अनुमान था और त्रिशंकु विधानसभा होने की भविष्यवाणी की गई थी। हालांकि चुनावी नतीजों में जेपीएम को पूर्ण बहुमत के साथ 27 सीटें मिली जबकि एमएनएफ को 10, भाजपा को 2 और कांग्रेस को महज 1 सीट ही मिली यानी मिजोरम में भी तमाम एग्जिट पोल औंधे मुंह गिरे।

देखने वाली बात यह है कि कई एग्जिट पोल के आंकड़ों में बड़ा अंतर था और साथ ही इनमें हमेशा प्लस-माइनस का भी बड़ा खेल शामिल रहता है। यही कारण है कि एग्जिट पोल में किए जाने वाले दावों पर अब आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जाता क्योंकि ये केवल चुनाव परिणामों का पूर्वानुमान ही होते हैं और अभी तक कई बार ऐसा हो चुका है, जब विभिन्न एग्जिट पोल में किए गए पूर्वानुमान से चुनाव परिणाम बिल्कुल उलट रहे। वैसे चुनावी सर्वे कराए जाने का इतिहास बहुत पुराना है और दुनिया के कई देशों में ऐसे सर्वे कराए जाते हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान जब तक अंतिम वोट नहीं पड़ जाता, तब तक किसी भी रूप में एग्जिट पोल का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि एग्जिट पोल मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाए जाते हैं। मतदान खत्म होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता। इनका प्रसारण तभी हो सकता है, जब चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग खत्म हो चुकी हो। यह नियम तोड़ने पर दो वर्ष की सजा या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि कोई चुनाव कई चरणों में भी सम्पन्न होता है तो एग्जिट पोल का प्रसारण अंतिम चरण के मतदान के बाद ही किया जा सकता है लेकिन उससे पहले प्रत्येक चरण के मतदान के दिन डेटा एकत्रित किया जाता है। एग्जिट पोल से पहले चुनावी सर्वे किए जाते हैं और सर्वे में बहुत से मतदान क्षेत्रों में मतदान करके निकले मतदाताओं से बातचीत कर विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की हार-जीत का आकलन किया जाता है।

राजस्थान में आपसी कलह से हारी कांग्रेस

रमेश सर्राफ

अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठैर द्वारा आलाकमान के निर्देशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे। कांग्रेस पार्टी को अब अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करनी चाहिए। पार्टी को संगठन में अध्यक्ष सहित आमूल चूल परिवर्तन करना होगा तथा विधायक दल के नेता के पद पर भी गैर विवादित विधायक का चयन करना होगा जो सभी को साथ लेकर चल सके। तभी जनता में अपनी खोई पैठ फिर से स्थापित कर सकती है। वरना तो राजस्थान कांग्रेस की ओर अधिक दुर्गति होने से कोई नहीं रोक सकता है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बना बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके।

प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सिमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सीमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए। चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्हीं दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे। विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। मगर कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे। उन्हीं के चेहरे पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। पार्टी की सभी प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, होर्डिंगों में अशोक गहलोत की छाए हुए थे। अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई प्रचार कंपनी डिजाईन बाक्स व उसके बड़बोले निदेशक नरेश अरोड़ा भी चुनाव जितवाने में नाकाम रहे।

सचिन पायलट पूरे चुनाव में ही साइड लाइन रहे। टिकट वितरण के दौरान सचिन पायलट ने जिस तरह से गहलोत के सामने हथियार डाले दिये थे। उस पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्य हुआ। चुनाव से पहले सुचिता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल, प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए। लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लियर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी। चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफनकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव आते-आते सारी बातें कागजों में ही रह गई और धड़ाधड़ बूढ़े व मौजूदा विधायकों को मैदान में उतार दिया गया। जिसका नतीजा कांग्रेस को करारी हार के रूप में देखना पड़ा।

अशोक गहलोत ने सबसे बड़ी गलती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने खुद को चेहरा बना कर कर दी। राजस्थान में भाजपा ने किसी को भी चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे व कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ा था। वहीं अशोक गहलोत ने सामूहिक नेतृत्व के स्थान पर खुद को ही आगे कर पूरी चुनावी व्यूह रचना की थी जिसमें वह नाकाम रहे। कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को अपने बागी प्रत्याशियों की नाराजगी के चलते भी हार का सामना करना पड़ा है। समय रहते कांग्रेस पार्टी आंतरिक बगावत पर नियंत्रण नहीं कर पाई।

पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व तीनों सह प्रभारी का तो चुनाव के दौरान पता ही नहीं चला कि वो कहां रहे। राजस्थान में कांग्रेस को रसातल में पहुंचने में प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा भी बहुत जिम्मेदार है। रंधावा का पूरा समय गहलोत सरकार की जी हुजूरी करते व लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने मे ही निकल गया और कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि रंधावा ने जिनको पदाधिकारी बनाया है उसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है।

पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से सीट व मत अधिक मिले थे। मगर इस बार कांग्रेस की सीटें घटने के साथ भाजपा की तुलना में मत भी कम हुए हैं। इस बार कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वहीं भाजपा को 41.69 प्रतिशत मत मिले हैं। बहुजन समाज पार्टी को 1.82 प्रतिशत वहीं हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2.39 प्रतिशत मत ही मिल पाए हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रति जनता में इतनी अधिक नाराजगी थी की सरकार के 17 मंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, सरकारी सचेतक तक चुनाव हार गए। यही नहीं अशोक गहलोत व सचिन पायलट के जीत का अंतर भी काफी कम हुआ है। अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले लोगों को सात गारंटी देकर वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर जनता को इन सात योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाया जाएगा। मगर प्रदेश की जनता ने उनके वादों पर ध्यान ही नहीं दिया। मतदाताओं का कहना था कि पांच साल सत्ता में रहने के दौरान जो करना था कर दिया। अब सब चुनावी वायदे हैं। प्रदेश के किसानों का ना तो ऋण माफ हुआ ना ही बेरोजगारों को नौकरियां मिली। ऊपर से भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने से रह गया। अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौर द्वारा आलाकमान के निर्देशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1662 ब्लेज़ पास्कल नामक फ्रांस के गणितज्ञ, लेखक और कैल्कयुलेटर मशीन के आविष्कारक का निधन हुआ। 1732 थियेटर रॉयल कोवेन्ट गार्डन, लंदन (आधुनिक-रोज़ रॉयल ओपेरा हाउस) खोला गया। 1787 डेलावेयर यूनाइटेडस्टेट्स संविधान की पुष्टि करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया। 1815 मार्शल ने को पेरिस में जर्डिन डु लक्ज़मबर्ग के पास मार डाला। 1815 मिशेल ने, फ्रांस के मार्शल, नेपोलियन का समर्थन करने के लिए एक फायरिंग स्क्वार्डन पेरिस 'जार्डिन डू लक्जमबर्ग द्वारा किया गया था। 1835 भविष्य के यू.एस. अध्यक्ष जेम्स के. पोलक सदन के अध्यक्ष बने। 1869 अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने गल्लतिण मिसौरी में अपनी पहली बैंक डकैती की पुष्टि की। 1877 आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने 'ग्रामोफोन' का प्रदर्शन किया। 1888 जॉन बॉयड डनलप ने हवा वाली साइकिल टायर का अविष्कार किया। 1949 भारतीय सशस्त्र बल फ्लैग डे मनाया जाता है। 1995 भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2सी का प्रक्षेपण किया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:06, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय : 25:22, चन्द्रास्त : 13:14
अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : हस्त, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : तैतिल (13:53 तक), द्वितीय करण : गर (27:04 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 22:25 से 24:13, सर्वार्थसिद्धि योग : 30:29 से 31:00, वजय मुहूर्त : 13:51 से 14:32, गोधूलि मुहूर्त : 17:14 से 17:41, सायाह्न सन्ध्या : 17:17 से 18:39, निशिता मुहूर्त : 23:41 से 24:35, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:16 से 09:33, दुर्मुहूर्त : 11:47 से 12:28, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : उत्तर (30:29 तक), अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पूर्व (दक्षिण 10:22 से), शिववास : सभा में (27:04 से क्रीड़ा में)

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम हस्त नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार (पू, ष, ण, ठ) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

QUIZ TIME

1) गुजरात व महाराष्ट्र के बीच कौन-सा केंद्रशासित प्रदेश स्थित है?

2) किस क्षेत्र के हैनले में दक्षिण पूर्व एशिया की पहली नाइट स्काई सेंचुरी खोली जाएगी?

3) धौलागिरी पर्वत चोटी किस देश में स्थित है?

4) नदी युग्मों में से कौन ज्वारनदमुख का निर्माण करती है?

5) खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 के शुभंकर का नाम क्या है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दादरा नगर हवेली (2) लद्दाख (3) नेपाल (4) नर्मदा और तापी (5) उज्ज्वला

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप धन सम्बंधित मामलो को लेकर अत्यन्त संवेदनशील रहेंगे। अधिक कंजूसी करने पर भी खर्चो पर नियंत्रण नहीं रख सकेंगे।
वृषः आज परिस्थितियों में सुधार आने से अटके कार्य आगे बढ़ेंगे। अपनी गलती मान लेने से लोगो का वैर-विरोध दूर होगा।
मिथुनः आज के दिन आपके असंयमित व्यवहार के कारण आस-पास रहने वाले लोग नाराज हो सकते है।
कर्कः आज के दिन आपको आश्चर्यजनक फल प्राप्त होंगे जहाँ से उम्मीद नहीं होगी वहां से भी धन लाभ होगा।
सिंहः आप आज का दिन सुख शांति से व्यतीत करेंगे फिर भी छोटी-मोटी घटनाएं मन को दुखी कर सकती है।
कन्याः आज का दिन आपको व्यवसाय से लाभ दिलाएगा एक से अधिक कार्यो में निवेश करने से लाभ की संभावना अधिक रहेगी परन्तु जल्दबाजी ना करें अन्यथा हानि भी हो सकती है।
तुलाः आज के दिन आप धन प्राप्ति के लिए सभी प्रकार की जोड़-तोड़ वाली नीति अपनायेंगे फिर भी सफलता दूर तक नजर नहीं आएगी।
वृश्चिकः आपका दिन आज भी लाभदायक रहेगा परन्तु क्रोध को वश में रखना भी जरूरी है वरना बना बनाया काम बिगड़ सकता है।
धनुः आज के दिन आप अपनी योजनाओं को साकार रूप दे पाएंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायक रहेगा फिर भी आज किसी को उधार देने से बचे वापसी में परेशानी होगी।
मकरः आज के दिन आपको सोची गई योजनाओं में सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा फिर भी कार्य सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे।
कुंभः आज के दिन प्रातः काल से ही शारीरिक तंदुरुस्ती में गिरावट आएगी जिसके कारण कार्यो में मन नहीं लगा पाएंगे।
मीनः आज के दिन आप कई कार्यो को एकसाथ करने के कारण दुविधा में फंस सकते है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -265 (भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

1		■	2	3	■	4	5	6
	■	7			■	■	8	
9			■	10		11	■	
■	■	12			■	13	14	
15	16		■	■	■	17		■
18		■	19	20			■	21
■	22	23			■	■	■	
■	■		■	■	24	■	25	
26			■	27				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 264 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

न्यूज गैलरी

अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

बिलासपुर। भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों के द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस अवसर पर आज आज प्रातः 11.00 बजे रेलवे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित एक सादे समारोह में विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा भारत के संविधान निर्माता, भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की छाया चित्र पर श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्प अर्पित किया गया तथा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी बारी बारी से श्रद्धा सुमन उन्हें अर्पित किया। समारोह के प्रारंभ में बाबासाहेब के जीवन व उनके कृत्यों पर संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रकाश डाला गया। संविधान के निर्माता, दूरदर्शी राजनेता, सामाजिक आंदोलन के प्रणेता, भारत सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य, विख्यात लेखक, कानूनविद, विलक्षण प्रतिभा के धनी विद्वान तथा अद्भुत इंसान आदि के रूप में उनका वर्णन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

अपराधियों पर नजर रख रही पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, सीएसपी सिविल लाईन संदीप पटेल के मार्गदर्शन में व प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा के नेतृत्व में बिलासपुर जिला के शहरी थाना के 50 से अधिक निगरानी, गुण्डा बदमाश को सिविल लाइन थाना बिलासपुर में उपस्थित कराया गया जिनको शहर में भयमुक्त वातावरण बनाने और शांति कायम रखने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार के अवैध कार्य, मारपीट, झगडा, वाद विवाद व डराने धमकाने जैस कृत्य न करने हेतु सख्ती से हिदायत दिया गया। सभी निगरानी गुण्डा बदमाशों को शांति कायम रखने और किसी भी प्रकार के गलत कामों से दूर रहने की हिदायत देकर रूखसत किया गया। उपरोक्त पैदल मार्च में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा, उप निरीक्षक सिविल लाईन भावेश शेन्डे व सभी थानों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व दावा-आपत्ति की होगी सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदन के छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल एक आवेदिका ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। डीईओ ने बताया कि मस्तुरी विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या चिस्दा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. श्री राजेश्वर सिंह पैकरा के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती उत्तरा पैकरा ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आमजनों को जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

आठ पुलिसकर्मी बने कॉप ऑफ द मंथ

दो एसआई सहित पांच एएसआई को कार्य में सुधार लाने चेतावनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में प्रभावी कार्यवाही करने के लिये टीआई नवीन देवांगन , चुनाव सेल में बेहतर कार्य के लिए दामोदर मिश्रा व खेल परिसर में हुई हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने पर विनोद यादव सहित कुल आठ पुलिसकर्मी को चुना गया कॉप ऑफ द मंथ कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर पुलिस ऑफिस के कार्यालयीन 02 एसआई, 05 एएसआई को कार्य में सुधार के से किया गया।

दंडित पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने हेतु प्रति माह ''कॉप ऑफ द मंथ'' पुरस्कार दिया जाता है। विधानसभा चुनाव में चुनाव के मानक निर्देशानुसार प्रभावी कार्यवाही करने के लिये निरीक्षक नवीन देवांगन थाना प्रभारी सिरगिट्टी को, जिला निर्वाचन सेल प्रभारी के रूप में चुनाव संबंधी कार्यों का लगन एवं परिश्रम से संपादन करने पर निरीक्षक दामोदर मिश्रा को, विधान सभा चुनाव बल वितरण के महत्वपूर्ण कार्य के दौरान व्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिये स.उ.नि. मनोज पाण्डेय को, खेल परिसर में घटित हत्या की घटना के आरोपियों को अल्पावधि में गरफ्तार करने के लिये प्र.आर विनोद यादव को, थाना सिटी कोतवाली एवं तोरवा क्षेत्रान्तर्गत ए.टी.एम.टेम्पर करने वाले 02 गिरोह की गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका के लिये तद्बीर पोर्ते एसीसीयू बिलासपुर को, महत्वपूर्ण एवं अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के मूव्हमेंट एवं बल मूव्हमेंट में प्लानिंग एवं दस्तावेजीकरण कर चुनाव में लगन से कार्य करने पर आर. प्रदीप पाण्डेय को, थाना सीपत में समंस/वारंट के अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के लिये म.आर. प्रियंका मिश्रा को एवं चौकी बेलगहना के कलमीटर में हुई हत्या के प्रयास की घटना के 05 आरोपियों को अल्पावधि में गिरफ्तार करने में सराहनीय योगदान के लिये आर. दीपक मरावी को कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से सम्मानित किया गया है।

चुने गए कर्मचारियों को नगद ईनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र के साथ ही उनका फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए लगा रहेगा। इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जनता से अच्छा व्यवहार जिम्मेदारी एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हमेशा सम्मानित किया जाएगा एवं अवैध काम में लिप्त व अनुशासनहीनता व पदीय कर्तव्य निर्वहन में लापरवाहीपूर्ण आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस माह कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर पुलिस ऑफिस के कार्यालयीन 02 एसआई, 05 एएसआई को कार्य में सुधार हेतु लघु शास्ति से दंडित किया गया है। इस अवसर पर अर्चना झा अति.पुलिस अधीक्षक, संदीप कुमार पटेल नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन एवं उदयन बेहार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवम् कार्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

आय से अधिक संपत्ति का मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी व बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा के पद पर रहे रामानंद हीराधर के विरूद्ध आय से अधिक संपति मामले में आज जिला न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आज आय से अधिक संपति मामले में चालान जिला न्यायालय में पेश किया गया। जिसके बाद अदालत ने पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक रामानंद हीराधर बिलासपुर जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर भी रह चुके हैं। इस दौरान आय से अधिक संपति बनाने के मामले में उनकी शिकायत हुई थी। मामले में जांच के बाद कुल 1 करोड़ 43 लाख रुपए की आय से अधिक संपति अर्जित करने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर के निरीक्षक सी तिग्गा को प्रार्थी बनाकर 24 जून 2021 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की रामानंद हीराधर ने अपने पद का फायदा उठा भ्रष्टाचार कर अपनी अपनी पत्नी व अपने दोनो बच्चों के नाम से कांकेर जिले के टिकरा व मानकेसरी गांव, रायपुर के अभनपुर, बायरन बाजार बिलासपुर के चांटीडीह, मोपका, विजयापुरम कॉलोनी में जमीन व मकान बनाए थे।

इसके अलावा महंगे वाहन, बच्चों के मेडिकल की पढ़ाई में खर्च के अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम में इन्वेस्टमेंट, बैंक आफ बडौदा, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक में खुद के व पत्नी भुवनेश्वरी के नाम पर जमा रकम, म्युअल फंड व मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में इन्वेस्टमेंट की रकम की जानकारी जांच में मिली थी। पर्याप्त साक्ष्य के बाद भी आरोपी हीराधर के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की जल्द से जल्द जांच कर कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में जानकारी दी गई थी कि एसीबी में बार-बार आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस एन के चंद्रवंशी की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने एसीबी के एसपी को 6 सप्ताह के भीतर जांच पूरा कर सीआरपीसी की धारा 173/2 के तहत ट्रायल कोर्ट में चालान जमा करने के निर्देश दिए थे।

10 दिनों में 89 गुमशुदा बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज , अजय यादव के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा गुम इंसानों की दस्तयाबी का विशेष अभियान इसी तारतम्य में बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देश किये जा रहे हैं विशेष प्रयास बिलासपुर जिले में विगत 10 दिनों में कुल 89 गुम इंसानों को किया गया दस्तयाब बिलासपुर जिले एवं अन्य जिलों से विशेष प्रयासों से जारी है दस्तयाबी थाना कोटा में 10, सिविल लाइन, सकरी, तोरवा में 9-9, सिरगिट्टी, कोतवाली में 5-5, कोनी, सीपत में 4-4 सरकंडा में 3, चकरभाठा, पचपेड़ी 2 और तारबाहर,हिर्री और बेलगहना में 1-1 , गुम इंसान किए गए हैं दस्तयाब आगे भी जारी रहेगा यह अभियान

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज अजय यादव सर ने रेंज के सभी जिलों को गुम इंसानों की दस्तयाबी एवं उन्हें परिजनों को सुपुर्द करने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ज़िला बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम इंसानों के मामलों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत विगत 10 दिनों में कुल 89 गुम इंसानों की दस्तयाबी कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया है। थाना कोटा में 11, सिविल लाइन, सकरी, तोरवा, कोनी में 9-9, सरकंडा में 3, सिरगिट्टी, कोतवाली में 5-5, सीपत में 4-4,बिल्हा, मस्तूरी, मल्हार, रतनपुर में 3-3, चकरभाठा, पचपेड़ी, 2 और तारबाहर,हिर्री और बेलगहना में 1-1 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया है। ऐसे ही कुछ प्रमुख प्रकरणों की संक्षिप्त का विवरण इसप्रकार है। प्रार्थी लक्ष्मण जायसवाल ने थाना उपस्थित आकर गम इंसान की सूचना दी कि प्रार्थी की पुत्री को घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। लड़की की पतासाजी के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गुम इंसान ने मुकेश साहू पिता नारायण साहू से विवाह कर लिया है और वह उड़ीसा में है। साइबर सेल से तकनीकी जानकारिया लेकर उड़ीसा टीम भेज कर गुम इंसान को बरामद किया और बाद दस्तयाब उसे उसके पति मुकेश साहू को सुपुर्द कर दिया गया।

चखना सेंटरों पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

जनदर्शन एवं टीएल बैठक अब हर सोमवार को

प्रत्येक मंगलवार को होने वाला जनदर्शन अब हर सोमवार को दोपहर 12 बजे से टीएल बैठक के पश्चात होगा। चुनावी आचार संहिता के चलते विगत दो माह से जनदर्शन का कार्यक्रम बंद था। जनदर्शन में कलेक्टर आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर समेत ग्रामीण इलाकों में चखना सेंटरों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। तीन दिनों के भीतर सभी चखना सेंटरों को ध्वस्त किया जाएगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज इस आशय के निर्देश समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आज शाम तक और ग्रामीण इलाकों में दो दिन के भीतर शराब दुकानों के पास संचालित चखना सेंटरों को तोड़ा जाएगा।

कलेक्टर ने नगर निगम, आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम को इस कार्रवाई को अंजाम देने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनदर्शन अब हर सोमवार को टीएल की बैठक के बाद दोपहर 12 बजे से होगा। समय-सीमा की बैठक भी मंगलवार की जगह हर सोमवार को सुबह 11 बजे होगी। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं में प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को स्कूल, आंगनबाड़ी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का लगातार दौरा कर व्यवस्था देखने कहा। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी को प्रतिदिन रिकार्ड रूम का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अभिलेख लेने कलेक्टरेट के रिकार्ड रूम आते है। उन्हें अभिलेख प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेमौसम बारिश को देखते हुए धान को बारिश से बचाने के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। टीएल के लंबित प्रकरणों को कलेक्टर ने जल्द निराकृत करने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, डीएफओ संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, एडीएम श्री आर ए कुरूवंशी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

दिलीप लहरिया पहुंचे विधानसभा

बिलासपुर। मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक निर्वाचित होकर श्री दिलीप लहरिया जी छत्तीसगढ़ विधानसभा रायपुर पहुंचकर विधानसभा संबंधी आवश्यक प्रपत्रों को पूरा किया। इस दौरान मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया जी का विधानसभा के अधिकारियों ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

जख्मी छात्रा को देखने पहुंचे अटल

बिलासपुर/नवप्रदेश। निरंजन केशरवानी कॉलेज की एम.ए. अर्थशास्त्र की स्टूडेंट कलारतराई निवासी कोटा की छात्रा हेमा सिंह पर जानलेवा हमला हुआ था। जिनका इलाज महाराणा प्रताप चौक स्थिति सूर्या हॉस्पिटल में चल रहा है। कोटा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने घटना की जानकारी कोटा की नवनिर्वाचित विधायक अटल श्रीवास्तव को दी। विधायक अटल श्रीवास्तव ने सूर्या हॉस्पिटल पहुंचकर घायल हेमा सिंह से मुलाकात की, स्वास्थ्य का हालचाल जाना। उनके परिजनों माताजी और भाई राज सिंह से घटना की विस्तृत जानकारी ली और चर्चा कर आश्वस्त किया कि इलाज में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। अपराधी पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु पुलिस प्रशासन से उन्होंने मौके से ही फोन लगाकर बातचीत की। टीआई कोटा ने अटल श्रीवास्तव को बताया कि घटना पर जुर्म दर्ज कर लिया गया है और अपराधी को पकड़ने हेतु पुलिस की विशेष टीम लगाई गयी है। अटल श्रीवास्तव के साथ प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, प्रदेश सचिव महेश दुबे, शहर कांग्रेस महामंत्री समीर अहमद थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने मुलाकात कर कॉलेज की छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने की मांग की।

मौसम | चक्रवाती तूफान मिचौंग मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर स्थित

दिनभर छाई रही बदली, हल्की बूंदाबांदी भी

बिलासपुर/नवप्रदेश। चक्रवात के प्रभाव से सुबह से ही बिलासपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दिनभर बदली छाई रही और बूंदाबांदी भी हुई। बदली व बारिश के साथ ही बंगाल की खाड़ी से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण दोपहर में ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेशभर में वर्षा के आसार है।

बस्तर संभाग में भारी बारिश तथा दुर्ग, बिलासपुर व रायपुर संभाग में हल्की बारिश की संभावना है। दिन का तापमान पिछले करीब दस वर्षों में दिसंबर में दिन के तापमान की तुलना में सबसे कम रहा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि चक्रवाती तूफान मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से बुधवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। अधिकतम तापमान में काफी गिरावट हो चुकी है। इसलिए और गिरावट की उम्मीद नहीं है। बेमौसम वर्षा से किसानों और धान खरीदी केंद्र संचालकों की चिंता बढ़ गई है। इसके अलावा दलहन-तिलहन सहित सब्जी की फसलों पर भी मौसम का प्रभाव पड़ेगा। सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई।

सक्रिय है यह सिस्टम

उत्तर-पूर्व तेलंगाना और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़-दक्षिण अंदरूनी उड़ीसा-तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर में कमजोर होकर चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में स्थित है, इसके साथ उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणीका चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में हरियाणा और उसके आसपास 3.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है। प्रदेश में कल के बाद अगले 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास वृद्धि होने की संभावना है जबकि न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस इसी अवधि में गिरावट होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की सम्भावना है।

एसपी परिवार के साथ पहुंचे वृद्धा आश्रम, जाना हालचाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में योगदान के बाद पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह, पत्नी वंदना सिंह और बच्चों अर्थ व अयान के साथ बारिश के बाद शुरू हो रहे ठंड को देखते हुए वृद्धाश्रम कल्याणकुंज ईदगाह चौक, मदर टेरेसा आश्रम, कुष्ठोग आश्रम तोरवा और सेवा भारती कुदुदण्ड में गए। वहां कुशलता और समस्याएं सुनने के बाद सबको कंबल, ड्रायफ्रूट, मिठाइयां आदि बांटी। उन्होंने अपने बच्चों को अन्य लोगों के साथ खुशियां बांटने की सीख दी। बुजुर्ग पुरुष और महिलाओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी, जहां कुछ बुजुर्गों ने बताया कि उनके परिजनों ने उन्हें घर से निकाल दिया है। एक बुजुर्ग की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने उसके पालक के खिलाफ मामला दर्ज करने संबंधित थाने को निर्देशित किया। सेवा भारती में एडॉप्शन प्रक्रिया पर पूरी वैधानिक नियमों का पालन करने पर जोर दिया।

■ न्यूज गैलरी

देवतुल्य जनता का मिला आशीर्वाद: टिलेन्द्र

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की बहुत बड़ी जीत को लेकर भाजपा युवा मोर्चा डोंगरगांव के कोषाध्यक्ष, विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी टिलेन्द्र देवांगन ने हर्ष व्यक्त करते हुए और छत्तीसगढ़ की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में राम राज्य आ गया है। सुशासन का कमल खिल गया है इसका सबसे बड़ा श्रेय छत्तीसगढ़ की जनता को मिलता है जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना विश्वास दिखाया है और निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी, कांग्रेस की भूपेश सरकार को लेकर टिलेन्द्र देवांगन ने कहा कि इन्होंने जो मां गंगा का अपमान की उसकी झूठी कसम खाई उसका तो यही हाल होना ही था,पूरा भारत आज मां गंगा को पवित्र मानता है उनको पूजता है सनातन धर्म को जो अपमान किया वह आज तक नहीं बचा, छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म की जीत हुई डोंगरगांव विधानसभा को लेकर टिलेन्द्र देवांगन ने कहा कि दुख है कि डोंगरगाव विधानसभा नहीं जीत पाए यहां के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी ताकत लगाई फिर भी निराशा हाथ लगी इस पर भी हमारे पार्टी के वरिष्ठ जन बैठकर समीक्षा करेंगे श्री देवांगन ने कहा छत्तीसगढ़ मे मोदी जी की गारंटी ने जनता का विश्वास जीता और मोदी जी की गारंटी हमेशा पूरी हो के रहेगी।

महेश गागड़ा ने अपनी हार का ठीकरा कलेक्टर पर फोड़ा

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों में बीजेपी भले ही 8 सीटों जीत कर आई है, लेकिन वहीं सबसे हाई प्रोफाइल सीटों में से एक बीजापुर विधानसभा सीट में बीजेपी प्रत्याशी और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने अपनी हार की वजह स्थानीय जिला प्रशासन को बताया है. महेश गागड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजापुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने चुनाव में कांग्रेस के एजेंट के रूप में काम किया है।

चुनाव में आचार संहिता के समय कलेक्टर भारतीय प्रशासनिक अधिकारी के गौरव को ताक में रखकर कांग्रेस के एजेंट बन गए थे और लगातार अधिकारी कर्मचारी और सचिवों की मीटिंग कर कांग्रेस को सपोर्ट करने की बात कह रहे थे, जिसकी चुनाव आयोग से शिकायत भी हुई थी, कलेक्टर का लगातार विधायक के घर जाकर बैठना उनसे बात करना विधायक का कलेक्टर कार्यालय में आना यह सब इंगित करता है कि कलेक्टर की. उन्होंने कहा कि कलेक्टर को कांग्रेस कार्यकर्ताओ से ज्यादा चुनाव जीतने की चिंता थी। इस वजह से प्रशासन ने जनादेश को कुचलने का काम कर उन्हें हराया है।

बीजेपी प्रत्याशी ने लगाया प्रशासन पर आरोप-चुनाव नतीजे आने के बाद बीजापुर के बीजेपी प्रत्याशी महेश गागड़ा ने प्रेस वार्ता किया और प्रशासन पर जनादेश को कुचलने का आरोप लगाया। गागड़ा ने कहा कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा और एसपी आंजनेय वार्ष्णेय शुरू से ही कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मंडावी के पक्ष में काम कर रहे थे। इसके विषय में वह पहले भी शिकायत कर चुके हैं। बीजापुर की आम जनता ने भय भ्रष्टाचार और सुशासन के विरुद्ध मतदान किया था. जिसे प्रशासन की तरफ से कुचला गया है। गागड़ा ने प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिन्होंने हमारे रास्ते में कांटे बोए हैं। उन्हें काटा ही मिलेगा।

सुरक्षा के नाम पर एसपी के तरफ से बीजेपी कार्यकर्ताओं के घर जाकर उन्हें डराया गया। जिसका उद्देश्य बीजेपी के कार्यकर्ता अपने घरों से न निकले और प्रचार में न जा पाए। यही नहीं नकली माओवादी पर्चा का डर दिखाकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं को डराया गया। जिसका सबूत भी मिल गया है। अगर प्रशासन इस पर कार्यवाही नहीं करती है तो अब राज्य में बीजेपी की सरकार है और हम दोषी को बख्शेंगे नहीं, स्थानीय प्रशासन ने विधानसभा चुनाव को भरपूर रूप से प्रभावित किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि यहां पर जनाधार हार गया और प्रशासन कपट पूर्ण कार्यो के चलते जीत गया।

गागड़ा के आरोप पर विक्रम मंडावी ने किया पलटवार

इस मामले में बीजापुर चुनाव में निर्वाचित कांग्रेस के विधायक विक्रम मंडावी ने महेश गागड़ा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव होते हैं। चुनाव के दौरान जनता अपनी मनपसंद से आगामी 5 सालों के लिए अपना जनप्रतिनिधि चुनती है। इसी प्रक्रिया के तहत बीजापुर की जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रम मंडावी पर अपना भरोसा जताते हुए लोकतांत्रिक रूप से अपना जनप्रतिनिधि चुन लिया है। बीजेपी के पूर्व विधायक और प्रत्याशी लगातार दो बार चुनाव हार चुके हैं। इसी हार से बौखलाकर बीजापुर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए चुनाव पर ऊलजुलूल बयान बाजी कर बीजापुर जिले के मतदाताओं का अपमान करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी प्रत्याशी महेश गागड़ा 2008 और 2013 में विधायक निर्वाचित हुए थे और बीजेपी की सरकार भी बनी थी और मंत्री भी बन गए थे। क्या पूर्व विधायक महेश गागड़ा को उस समय जिले के कलेक्टर और एसपी ने उन्हें चुनाव जिताया था या फिर बीजापुर जिले की जनता ने उन्हें चुनाव जीताया था. उन्हें इस बात का खुलासा करना चाहिए।

अध्ययन के साथ भ्रमण भी व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी : जेके वैष्णव

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम एस सी , एम काम , एम ए एवं स्नातक छात्र छात्राओं का बस्तर जगदलपुर , तीरथगढ़ , चित्रकोट जलप्रपात ,दंतेवाड़ा आदि क्षेत्रों का शैक्षणिक भ्रमण छात्रसंघ प्रभारी जे .के .वैष्णव के नेतृत्व में 01 दिसम्बर से 03 दिसम्बर 2023 तक संपन्न हुआ। शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी जे के वैष्णव ने स्नातकोत्तर छात्रों को अध्ययन के साथ शैक्षणिक भ्रमण को आवश्यक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य बताते हुए स्थल अवलोकन को रेखांकित किया । प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रदेश पीएससी परीक्षाओं में अधिकांश सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में बस्तर , दंतेवाड़ा आदि क्षेत्रों के प्रश्न पूछे जाते हैं जिसका उत्तर का छात्र स्वयं क्षेत्रों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त लेते हैं । शैक्षणिक भ्रमण में छात्र दलनायक रौशन (वासु) सिंह राजपूत , महेश , मनीष पटेल, देव सारथी , राहुल राजपूत , वेद , अमन , ईश्वर यादव, सचिन यदु , अजय ,अनिल सेन, चितरंजन , विवेक , जागृति यादव , कल्पना रजक , सुनील रीना वर्मा , काजल कोठले ,आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे । उक्त जानकारी शैक्षणिक भ्रमण दलनायक वासू सिंह ने प्रदान किया ।

कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच कर चलेगा बुलडोजर

■ ऐतिहासिक जीत के बाद दंतेश्वरी देवी का आशीर्वाद लेने पहुंचे अटामी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बस्तर की आराध्या देवी दंतेश्वरी माँ का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की मनोकामना की। इस दौरान भाजपा के दंतेवाड़ा प्रभारी श्रीनिवास मद्दी भी मौजूद थे। दंतेवाड़ा जिले के सैकड़ों भाजपाईयों ने दंतेवाड़ा विधानसभा में ऐतिहासिक 16688 वोटों की जीत का जमकर जश्न मनाया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी का दंतेवाड़ा जिले के समस्त भाजपाईयों ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए विधायक को लड्डुओं से तौल दिया। बता दें कि, विधायक चैतराम ने अब तक के हुए चुनाव में सबसे बड़ी जीत दंतेवाड़ा विधानसभा में दर्ज की है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाएंगे सख्त कदम

दंतेश्वरी मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अटामी ने कहा कि मैं दंतेवाड़ा की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ और पूरे 05 वर्षों तक दंतेवाड़ा की सेवा करूंगा। इस दौरान दंतेवाड़ा जिले में कांग्रेस कार्यकाल में बीते वर्षों में डीएमएफ मद के दुरुपयोग के बड़े-बड़े मामले उठे, जिसका विरोध चैतराम अटामी की अगुवाई में सड़क से कलेक्ट्रेट घेराव तक कई बार भाजपाईयों ने किया। इन्हीं में से निर्माणाधीन कार्यों में दंतेवाड़ा के हृदयस्थल में दंतेश्वरी सरोबर पर जबरन 14 लाख रुपये की लागत से रैलिंग निर्माण का मामला भी उठा था, जिसे औचित्यहीन काम बताया गया। इसके बावजूद प्रशासन ने तमाम जनविरोध को रौंदते हुए जबरन इस रैलिंग को बनवा दिया था। इस पर आज अटामी ने स्पष्ट शब्दों में मीडिया से कहा कि, हमारी सरकार में हर भ्रष्टाचार की फाइल खुलेगी साथ ही अगर पब्लिक का विरोध हुआ तो रैलिंग भी उखड़ेगी।

अतुल्य दंतेवाड़ा भी निशाने में आ सकता है

दंतेवाड़ा जिले में बीते 02 वर्षो में जमकर डीएमएफ से काम हुए। इन्हीं कामों पर ग्राम पंचायतों में पेशा कानून जैसे नियमों को रौंदकर ठेकेदारी प्रथा हावी रही तो वहीं दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी मंदिर में कॉरीडोर निर्माण हो या तालाब गहरीकरण सभी में एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है। आने वाले दिनों में जिस तरह से भाजपा सरकार सभी जगह उत्तरप्रदेश मॉडल की तरह भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार से लिप्त प्रशासनिक तंत्र पर बुलडोजर कार्यवाही कर रही है दंतेवाड़ा जिला पर भी जांच की आंच पड़ सकती है।

जगदलपुर व दंतेवाड़ा विधायक का कांकेर पहुंचने पर किया स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के समस्त भाजपा विधायक जीत के बाद प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जीत का प्रमाण पत्र लेकर फौरन रायपुर रवाना हो गए थे। रायपुर में बैठक के बाद वापस अपने गृहग्राम जा रहे जगदलपुर विधायक किरण देव व दंतेवाड़ा के विधायक चैतराम अटामी का मंगलवार को कांकेर आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। सबसे पहले जगदलपुर विधायक किरण देव का भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक वालेचा रवि तिवारी दिनेश रजक ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। दंतेवाड़ा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी का ज़िला महामंत्री दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा के युवाओं ने भव्य स्वागत किया। नए बस स्टैण्ड में किया गया। विधायक पहले भाजपा जिला अध्यक्ष थे। स्वागत के दौरान दिलीप जायसवाल, ईश्वर कावड़े सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। स्वागत के बाद करीब दस मिनट तक युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की । वहीं,विधायक के साथ रहे कुणाल ठाकुर उनके साथ शामिल थे। विधायक कुछ देर के लिए बस स्टैण्ड स्थित अमन पान पैलेस व श्रवण टी स्टाल में पहुंचे थे,जहां उनका स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया।

खेल से शरीर व मन रहता है स्वस्थ्य : मेमन

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर में संचालित आईटीएस महाविद्यालय में पांच दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने फीता काटकर कर प्रतियोगिता का शुभारभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशेष रूप से नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोंनटेके, सभापति आसिफ मेमन उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद वंश गोपाल सिंह व टिंकु ठाकुर ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से जीवन में शारीरिक और मानसिक विकास के साथ बौद्धिक विकास भी होता हैं। विशेषकर स्कूल कालेज के बच्चों के जीवन में पढ़ाई के तनाव को दूर करने में खेल कूद जरूरी है। यह स्वस्थ जीवन का भी आधार है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को शुभकामना देते हुए सभी से खेल भावना से खेलने हुए अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की। जिसमें बैडमिंटन, व्हालीबाल, क्रिकेट, कबड्डी, दौड़, गोला फेंक, तवा फेक, निबन्ध, रंगोली, महंदी व वाद विवाद विधा शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के डायरेक्टर बीपी वर्मा, एस तिवारी, व निरंजन यादव द्वारा किया गया।

लोधी बाहुल्य गांवों में मिली विक्रांत को बढ़त, तोड़ा जाति का तिलिस्म

खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह भले ही मामूली वोटो से विधानसभा चुनाव हार गए हैं लेकिन इसके बावजूद उन्होंने खैरागढ़ विधानसभा चुनाव में सरकार के खिलाफ चुनाव लड़कर कई ऐसे मैसेज दिए हैं। जिससे राजनीति के रणनीतिकार सोच में पड़ गए हैं। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र लोधी बाहुल्य है। यहां कई दफे जातिवाद हावी रहा है। लेकिन 2018 में किसानों की कर्जमाफी को बड़ा मुद्दा बनाकर प्रदेश की सत्ता में आई कांग्रेस सरकार फिर 2022 के विधानसभा उपचुनाव में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को मिलाकर जिला बनाने की घोषणा से उपचुनाव में जीत हासिल करने में कामयाब रही। कांग्रेस 2023 के विधानसभा चुनाव में भी कर्जमाफी घोषणा समेत अनेक वादा किया। यहां हावी नहीं हो सकी बल्कि भाजपा प्रत्याशी

विक्रांत सिंह ने खैरागढ़ विधानसभा को लंबे समय से जातिवाद की दीवार को ढहाने में कामयाब रहे हैं। लोधी बाहुल्य गांवों में भी भाजपा प्रत्याशी सिंह को बढ़त हासिल की है। सिंह को अनुसूचित जाति बाहुल्य गाँवों में उनको मत कम मिले हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि भाजपा अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को साधने में सफल नहीं हो पाई है। क्योंकि पिछले कई विधानसभा चुनाव में उनका वोट कांग्रेस को मिलता रहा है। भाजपा अजा, अजजा मतदाताओं में पैठ बनाने में सफल नहीं हो पाई। लोधी और साहू बाहुल्य गाँवों में सिर्फ कुछ एक जगह को छोड़कर भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह लीड बनाने में कामयाब रहे। इससे उनकी दोनों समाजों में स्वीकार्यता बढ़ी है। इसी तरह बेमेतरा जिले के सहप्रभारी के रूप में काम कर विक्रांत सिंह ने पार्टी के प्रति अपनी कर्तव्य का पालन किया है जिसमें वहां से भाजपा प्रत्याशिों को जीत मिली है। इससे यह कयास लगाया जा रहा है कि संगठन में इस बार उनको बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। निगम मंडलों में उनको को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

चुनाव खत्म होते ही निर्माण कार्यों ने पकड़ी गति

■ सभी विकास कार्यों को समय पर करने के निर्देश

■ ग्रामीणों को रोजगार देने मांग अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए: जिपं सीईओ

कवर्धा/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 संपन्न होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे निर्माण कार्यो ने गति पकड़ ली है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्यों को समय पर पूरा करने विभाग के मैदानी कर्मचारी लगातार फील्ड का निरीक्षण कर रहे हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सेग्रीगेशन शेड निर्माण, महात्मा गांधी नरेगा योजना के विभिन्न कार्यों के साथ अन्य विकास कार्य हो रहे हैं, जिसे समय पर पूरा करने लगातार प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत कर दिया गया है। आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि भी जारी किया गया है। ऐसे हितग्राही जिनका आवास निर्माण हो रहा है, उन्हें दूसरे एवं तीसरी किस्त की राशि दी जा रही है। आवास निर्माण के हितग्राहियों को मैदानी कर्मचारी आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन देकर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेग्रीगेशन शेड निर्माण का कार्य हो रहा है। इन कार्यों को ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। इसी तरह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के विभिन्न कार्य प्रारंभ किया जा रहे हैं, जिसमें ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सके। सभी जनपद पंचायतों को निर्देश दिया गया है कि नरेगा योजना के अंतर्गत कार्यों की आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य स्वीकृत करने प्रस्ताव जिला पंचायत में प्रस्तुत किया जाए। जिससे कि ग्रामीणों की मांग पर अधिक से अधिक कार्य प्रारम्भ कर ग्रामीणों को रोजगार दिया जा सके।

प्रथम पृष्ठ का शेष

विधानसभा में ब्राम्हणविहीन...

पार्टी की बात करें तो रायपुर जिले के धरसींवा सीट से अनुज शर्मा, कवर्धा से विजय शर्मा, बेलतरा सीट से सुशांत शुक्ला, रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा, भाटापारा से शिवरतन शर्मा और भिलाई नगर से पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय चुनावी मैदान में थे। इनमें अनुज शर्मा, विजय शर्मा, सुशांत शुक्ला और पुरंदर मिश्रा तो जीत गए, लेकिन प्रेमप्रकाश पांडेय और शिवरतन शर्मा चुनाव हार गए। छत्तीसगढ़ में राजनीतिक पार्टियां जाति का समीकरण बिठाकर ही अपने प्रत्याशी तय करती रही हैं। कुल 90 विधानसभा सीटों में से 39 रिजर्व हैं। 29 एसटी और 10 एससी वर्ग के लिए। 51 सीटें सामान्य हैं। प्रदेश की आधी सीटों पर सबसे ज्यादा प्रभाव ओबीसी का है। चूंकि, 47 प्रतिशत आबादी ओबीसी है, इसलिए एक चौथाई विधायक इसी वर्ग से आते हैं। इस बार दोनों दलों को मिलकार 35 विधायक ओबीसी वर्ग से जीते हैं।

मुख्यमंत्री पर 3 दिन में फैसला...

बैठक में नए मुख्यमंत्री की घोषणा की जा सकती है। बीजेपी के सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के अलावा इस बार राज्य में दो उप-मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे।

तूफान मिचौंग से चेन्नई ...

मध्यम और सरगुजा संभाग के जिलों में बहुत हल्की से हल्की वर्षा का अनुमान है।

करणी सेना अध्यक्ष को ...

गोगामेड़ी हत्याकांड का वीडियो आया तो परिवारवालों ने नितिन को पहचाना। शूटर नितिन पंजाब की बठिंडा जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर संपत नेहरा के कॉन्टैक्ट में था। संपत नेहरा पर ही इस हत्याकांड की साजिश को अंजाम देने का शक जताया जा रहा है। इसका पता चलने के बाद राजस्थान पुलिस ने हरियाणा में छापे मारे। साथ ही राजस्थान समेत उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश में भी घटना से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाशी चल रही है। उधर, इस हत्याकांड के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने राजस्थान बंद बुलाया है। इसको लेकर प्रदेशभर में बाजार बंद रहे। जयपुर शहर में चलने वाली लो-फ्लोर बसों का संचालन बंद करवा दिया गया। प्राइवेट स्कूलों ने भी बंद को समर्थन दिया।

सचिन, विराट, अमिताभ-अंबानी ...

जिन्होंने राम मंदिर की हमारी यात्रा में समर्थन किया। उनके (पत्रकारों) बिना राम मंदिर के लिए यह संघर्ष अधूरा था। इसके अलावा संतों, पुजारियों, शंकराचार्यों, धार्मिक नेताओं और पूर्व सिविल सेवकों, सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों, न्यायाधीशों, वकीलों, वैज्ञानिकों, कवियों, संगीतकारों और पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित हस्तियों को भी निमंत्रण भेजे गए हैं।

कांग्रेस नेता ने मुंह पर...

या मांगे जाने को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। वहीं, खंडवा और बुरहानपुर जिला प्रभारी ने इस्तीफा दे दिया है।

परंपरा टूटी, कोरिया राजपरिवार को आठवीं बार में मिली करारी हार

■ 1952 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के ज्वाला प्रसाद उपाध्याय ने जीत दर्ज की थी

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। बैकुंठपुर विधानसभा सीट पर राज्य गठन के भी पहले से इस सीट के बनने के बाद से आज तक जो भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरा वह कभी भी नहीं हारा। परंतु इस बार यह परंपरा टूट गई। कोरिया पैलेस का मध्यप्रदेश राज्य के समय से अब तक इस सीट पर दबदबा रहा है। कोरिया राजघराने के स्व डॉ रामचंद्र सिंहदेव ने सरगुजा राजघराने के टीएस सिंहदेव को भी चुनाव में हरा चुके थे। किन्तु वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार से कोरिया राजघराने का अजेय बने रहने का मिथक टूट गया। आठवीं बार राजपरिवार से चुनाव मैदान पर उतरी प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव को करारी हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े ने राजपरिवार की कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव को रिकॉर्ड मत 25413 वोट से शिकस्त दी है। जबकि की इसके पूर्व राजपरिवार से चुनाव लड़ने पर कोरिया के बैकुंठपुर विधानसभा सीट पर राजघराने का दबदबा रहा है। इस सीट पर अब तक 16 बार चुनाव हो चुके हैं। इसमें सात बार राज परिवार(कांग्रेस और एक बार निर्दलीय) के रूप में विधायक चुने गए हैं।

वही अविभाजित मध्यप्रदेश के समय में वर्ष 1952 में पहली बार इस सीट पर चुनाव हुआ था। तब से लेकर 2023 तक 16 बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। पहली बार हुए चुनाव में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के ज्वाला प्रसाद उपाध्याय चुनाव जीतकर विधायक बने थे। फिर वर्ष 1957 में कांग्रेस से बिजेंद्र लाल गुप्ता, वर्ष 1962 में दोबारा ज्वाला प्रसाद उपाध्याय विधायक चुने गए थे। कांग्रेस ने 1967 में कोरिया राजपरिवार से स्व रामचंद्र सिंहदेव को चुनाव में टिकट दिया था । जो 1967 व 1972 में विधायक चुनाव जीते थे। लेकिन 1977 में डॉ रामचंद्र सिंहदेव ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। इससे कांग्रेस ने अधिवक्ता गुलाब गुप्ता को टिकट दिया था, लेकिन ज्वाला प्रसाद उपाध्याय को जीत मिली थी। राजघराने से सात बार विधायक चुने गए हैं। स्व रामचंद्र सिंहदेव छह बार और उनकी भतीजी अंबिका सिंहदेव एक बार विधायक चुनी गई थी। वहीं तीन बार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी और भाजपा से चार बार विधायक चुने गए हैं।

वर्ष 1990 में आमने-सामने थे कोरिया और सरगुजा राजघराना

वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने कोरिया राजघराने के स्व सिंहदेव को टिकट नहीं दिया और सरगुजा राजघराने से महारानी देवेंद्र कुमारी सिंहदेव को टिकट दिया था। जिससे कोरिया-सरगुजा राजघराने से मिलकर चुनाव लड़े और कांग्रेस की उम्मीदवार देवेंद्र कुमारी सिंहदेव को जीत मिली थी। वर्ष 1985 में देवेंद्र कुमारी दोबारा मैदान में उतरीं, लेकिन भाजपा के द्वारिका गुप्ता से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने वर्ष 1990 में सरगुजा राजघराने के टीएस सिंहदेव(निवर्तमान उप मुख्यमंत्री) को टिकट दिया था। जिससे कोरिया राजघराने के स्व रामचंद्र सिंहदेव नाराज होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। कांग्रेस के टीएस सिंहदेव, भाजपा के द्वारिका गुप्ता को पराजित किया। फिर 1993,1998 व 2003 के विधायक चुनाव जीते थे।

राजपरिवार की अंबिका सिंहदेव भारी मतों से हारीं

वर्ष 2008 में स्व रामचंद्र सिंहदेव के संन्यास लेने के बाद भाजपा के भईयालाल राजवाड़े दो बार विधायक चुने गए। वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस से राजघराने की अंबिका सिंहदेव को टिकट दिया। जहां भाजपा विरोधी लहर में कांग्रेस ने बैकुंठपुर सीट पर दोबारा कब्जा जमाया था। वर्ष 2023 में राजपरिवार से दोबारा अंबिका सिंहदेव को चुनाव मैदान में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी के रूप में दुबारा मौका दिया था । भाजपा से भईयालाल राजवाड़े पर पार्टी ने भरोसा कर टिकट दिया। उन्होंने राजपरिवार की अंबिका सिंहदेव को 25413 वोट से पराजित कर कोरिया राजघराना की जीत की चले आ रही मिथक को तोड़ दिया। अब कांग्रेस में हार को लेकर मंथन का दौर जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

छात्रवृत्ति के लिए 30 तक आवेदन

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थाओं के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार छग राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 30 दिसम्बर 2023 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसम्बर 2023 से 20 जनवरी 2024 तक एवं से स्वीकृति लॉक करने 15 दिसम्बर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे एवं लॉक/स्वीकृति करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा।

चुनाव शांतिपूर्ण निपटने पर केक काटकर मनाई खुशियां

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित एमसीएमसी टीम के सदस्यों ने कुशलपूर्वक कार्य संपादन की खुशी और सोशल मीडिया टीम की सदस्य व्यायाम शिक्षक ममता साहू के जन्मदिन पर जनपद पंचायत सारंगढ़ के कार्यस्थल में टीम की सदस्य ममता साहू, पूजा अकेला, लीना कुजूर, संजीता मिंज, प्रिस्का एक्का, दीपिका भगत, नीलिमा केशरवानी, आरती शुक्ला, सौरभ कुमार ने केक काटकर और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

रायगढ़/नवप्रदेश। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जिला-रायगढ़ में बैडमिंटन खेल के खेलो इण्डिया लघु केन्द्र प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें बैडमिंटन खेल हेतु बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन कर नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए 12 दिसम्बर को अपरान्ह 3 से शाम 5.30 बजे तक चयन ट्रायल रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर के बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल में 10 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते है। इच्छुक खिलाड़ी स्वयं की बैडमिंटन किट सहित नियत तिथि एवं समय पर चयन ट्रायल में भाग ले सकते है। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

नवनिर्वाचित विधायक से मिले बरेठ समाज के लोग

कोरबा/नवप्रदेश। बरेठ समाज के जिलाध्यक्ष मिलापराम कर्ष ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक लखन देवांगन से भेंट करते गुलदस्ते भेंट किया। उनके साथ प्रदीप सोनसरवा, मोहन कर्ष, समारू बरेठ, सहित अन्य कार्यकर्ता थे। सभी लोगों ने श्री देवांगन को जीत पर बधाई दी।

दीपका में बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल में दिसंबर माह शुरू होते ही खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो जाता है। 7 दिसंबर से दीपका में बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इसके लिए आज वेलफेयर कमेटी की बैठक बुलायी गई है। खेल कूद प्रतियोगिता को सफ्ल बनाने में वेलफेयर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 20-21 दिसंबर को गेवरा एरिया में अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की भी तैयारी की जा रही है। यहां पर भी जेसीसी व वेलफेयर कमेटी सदस्यों की बैठक ली गई है।

छात्रों ने मनाया विश्व विकलांगता दिवस

कोरबा/नवप्रदेश। विश्व विकलांगता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए, कोरबा में दिव्य ज्योति विशेष स्कूल के बच्चे स्कूल परिसर में इस अवसर को मनाने के लिए एक साथ आए। इसमें स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गयीं। इस अवसर पर इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इनरव्हील क्लब से अध्यक्षा श्रीमती बसंता मनोहर,श्रीमती मोहिंदर कौर,नेहा अरोरा और साक्षी क्षेत्रपाल उपस्थित थे। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ टी सी श्रीमती ज्योति अग्रवाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में शामिल छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी और इसने समाज को हमारे मौजूदा समाज में विकलांग जीवन को स्वीकार करने की आवश्यकता को समझने में मदद की। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न सुंदर वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 11 दिसंबर तक

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी के निर्देशन में 11 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के महिला पुरुष कार्यकर्ता के द्वारा मोर मितान मोर संगवारी के माध्यम से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पुरुष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है। बिना चीरा, टांका के आपरेशन किया जाता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते है। पुरूष नसबंदी के कुछ दिन पश्चात हितग्राही के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रूपये दिये जाते हैं एवं प्रेरक को 300 रूपये दिये जाते है पुरूष नसबंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड धरमजयगढ़ में 11, पुसौर में 2, तमनार में 2, घरघोड़ा में 9, लोईंग में 9 एवं रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 2 सहित जिले में अभी तक पुरुष नसबंदी 78 हो गया है परिवार नियोजन में पुरूष की भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी तरीको व उपयोग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासो को बढ़ाते हुए हर साल पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। परिवार नियोजन में विकासखंड लैलूंगा में टी.टी. एल.एस., सी.एस आपरेशन के साथ महिला नसबंदी अब तक टी.टी 63 हुआ है। जिले के समस्त पात्र हितग्राही जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना पूर्व पंजीयन कराकर पखवाड़े को सफ्ल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

बेमौसम बारिश से खेत-खलिहान में रखे धान का नुकसान होना तय

कोरबा/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी से उठा मिचौंग चक्रवात का चैतरफा असर देखा जा रहा है। मंगलवार की सुबह से हो रही बेमौसम वर्षा ने किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। खेतों में खड़ी फसल धराशायी हो गई है, खलिहानों में काट कर रखे धान भीग रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों तक मौसम के मिजाज में सुधार की गुंजाइश नहीं है। वर्षा ऐसे ही लगातार जारी रही तो धान की फसल को नुकसान होना तय है। मौसमी उतार चढ़ाव का असर जिले में पिछले सप्ताह भर से बनी है। रही सही कसर को मिचौंग चक्रवात ने पूरी कर दी है। बदली व वर्षा की वजह से वातावरण में ठंड असर गायब है। देर रात न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस है। वहीं दोपहर के समय तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। इसका सीधा असर रबी फसल की बोआई पर पड़ रहा है। गेहूं की बोआई तेज ठंड होने पर की जाती है। वातावरण में तापमान वृद्धि होने से गेहूं की बोआई पिछड़ रही है। बहरहाल सुबह से हो रही रिमझिम वर्षा से निचलवार को खेतों में धान कटाई व खलिहानों में रखी फसल की मिसाई का काम बंद हो गया है। जिला कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा के मौसम विशेषज्ञ संजय भिलावे ने बताया कि किसानों को चाहिए कि आगामी दो दिनों तक फसल की कटाई न करें।

खेत-खलिहान और खरीदी केन्द्रों में रखे धान सड़ने का खतरा, रबी फसलों को भी नुकसान

बेमौसम बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता

सक्ती/नवप्रदेश। पूरे छत्तीसगढ़ में सत्ता के साथ मौसम में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। इधर चक्रवाती तूफान मिचौंग के प्रभाव से सक्ती जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है और आने वाले तीन दिन पूरे अंचल में बारिश के आसार है। सक्ती मुख्यालय सहित आसपास के कई गांवों में मंगलवार को बारिश हुई। आगे भी अंचल में भारी बारिश की संभावना है। बारिश के साथ ही सक्ती क्षेत्र में ठण्डी हवाएं चल रही है। मौसम के जानकारों का कहना है कि आठ दिसंबर से मौसम खुलने की उम्मीद है और उसके बाद ठंड में और ज्यादा बढ़ोतरी होगी। बादल छाने व बारिश के चलते अधिकतम तापमान में तो काफी गिरावट की उम्मीद है, हालांकि न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। चक्रवाती तूफान मिगजौम के प्रभाव से होने वाली इस बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

मंगलवार व बुधवार को सक्ती सहित जिले भर में सुबह से ही बादल छाए रहे और दिनभर बादल छाने के साथ ही खाड़ी से ठंडी हवाओं के आने का क्रम जारी रहा। ठंडी हवाओं के चलते इन दिनों ठिठुरन और ज्यादा बढ़ गई है। इसके चलते गर्म कपड़ों के दुकानों में अब ग्राहकों की भीड़ भी दिखने लगी है। गर्म कपड़ों पर अभी उपभोक्ताओं को छूट मिल रही है। बीते दिनों से लगातार जारी ठंड के कहर ने गर्म कपड़ों की दुकानों पर चहल-पहल बढ़ा दी है। गर्म कपड़ों के दुकानदारों को भी इस बार अच्छी सेल होने की उम्मीद बंध गई है। सड़कों के किनारे फड़ी लगा कर गर्म कपड़े बेचने वालों के पास भी लोगों का जमावड़ा लगा है।

पिछले पखवाड़े भर धूप-छांव का मौसम

मुंगेली/नवप्रदेश। पिछले एक पखवाड़े भर आसमान में छाए बादलों के पश्चात आज हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।ठंड बढ़ते ही मौसम में परिवर्तन होने लगा है। पिछले एक पखवाड़े भर से आसमान में बादल छाए रहे। सप्ताह भर पूर्व हुई बारिश के बाद आज आधी रात्रि से ही बूंदाबांदी शुरू हुई जो पूरे दिन भर बूंदाबांदी होते रही। बारिश होने से वातावरण ठंडा हो गया है। बुधवार की सुबह जिले का नजारा एकदम बदल गया। सर्दी के मौसम में सावन लौट आया। दिनभर झड़ी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। सूर्य के दर्शन नहीं हुए। शाम को हुई झमाझम वर्षा ने वातावरण में ठंडक घोल दी यह सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहने की उम्मीद है।मिचैंग तूफान

का असर जिले में देखा गया। बुधवार को शहर में रुक-रुककर बारिश होती रही। इसके अलावा पूरे दिन ठंडी हवा चलती रही। इससे लोगों को पूरे दिन ठिठुरन महसूस हुई। मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर स्थित चक्रवाती तूफान मिचैंग आंध्र प्रदेश के बापतला तट से टकरा गया है। यह चक्रवात इतना प्रभावी था कि इसकी वजह से प्रदेश में पूरे दिन कोल्ड-डे की स्थिति बनी रही। शहर में रुक - रुककर दिनभर बारिश होती रही।इससे लोगों को दिनभर ठंड महसूस हुई और वे गर्म कपड़े का उपयोग करते नजर आए। जैसे-जैसे मिचैंग दक्षिण से उत्तर की तरफ बढ़ेगा, वैसे-वैसे इसका प्रभाव कम होगा। बारिश से धान की फसल भीगने को लेकर किसान चिंतित है। यदि ये मौसम बना रहा तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं बादल ने दलहन-तिलहन बोने वाले किसानों को परेशान कर दिया है। क्योंकि खराब मौसम से तिवड़ा, चना समेत विभिन्न दलहन-तिलहन फसल खराब हो सकते हैं और कीट-प्रकोप बढ़ सकता है। खरीदी केन्द्रों में भी दिक्कत- समर्थन मूल्य पर जिले के 105 धान खरीदी केन्द्रों में अब तक 8 लाख 16 हजार 753 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है।

19 प्रत्याशियों को नोटा से भी मिले कम वोट

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना के दौरान 19 प्रत्याशी नोटा से भी कम वोट पास किये। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना के दौरान कई ईव्हीएम में नोटा विकल्प भी निकला। इससे यह साबित होता है कि 2066 मतदाताओं को प्रत्याशी पसंद नहीं था। निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतों के अनुसार जहां भाजपा के प्रत्याशी ने जीत हासिल की, वहीं नोटा में भी पिछली बार की अपेक्षा तुलना में इस बार कम मतदाताओं ने अपनी रुचि दिखाई।

वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में पहली बार मिले राइट टू रिजेक्ट के बटन का मतदाताओं ने भरपूर इस्तेमाल किया था तब के मतदान में नोटा दबाने वाले मुंगेली विधानसभा में मतदाताओं की संख्या 5025, 2018 विधानसभा चुनाव में 4293 मतदाताओं ने नोटा का उपयोग किया था।जिन्हें अपने क्षेत्र से उम्मीदवारी करने वाले चेहरों में कोई उम्मीद नहीं नजर आई। इस तरह कोई नहीं के विकल्प के इस्तेमाल में कमी आया है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदाताओं के लिए ईवीएम में नोटा के विकल्प की सुविधा प्रदान की थी। मशीन में प्रत्याशियों के नाम के बाद एक अतिरिक्त बटन लगाया गया था जिसे राइट टू रिजेक्ट अर्थात नोटा का नाम दिया गया। पहली बार किए गए प्रयोग की वजह से इसके उपयोग को लेकर कम ही नजर आया। पिछले चुनाव प्रथम बार किए गए इस प्रयोग के लागू होने का असर भी लगातार कम नजर आया और राइट टू रिजेक्ट के तहत इस बटन का उपयोग पहली बार की अपेक्षा लगातार कम होता जा रहा है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार जिले के दोनों विधानसभा में नोटा पर 2066 मत डाले गये। मुंगेली विधानसभा में जहा पिछली बार 3150 मतदाताओं ने नोटा में अपना मत डाला था वह घटकर मात्र1252 रह गया। वही लोरमी विधानसभा में पिछली बार 1143 मतदाताओं ने नोटा पर बटन दबाया था,इस बार वह घटकर मात्र 814 रह गया।किन्तु पिछले चुनाव की तुलना में इसमें कमी आई है। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि नोटा से भी कम मत अनेक प्रत्याशियों को मिले है। जिनमें से लोरमी विधानसभा में 9 प्रत्याशी नोटा से भी कम वोट प्राप्त किये।

अंबेडकर महान व आदर्श चरित्र वाले महापुरुष थे : हरबंश

जांजगीर/नवप्रदेश। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक शेषराज हरबंश ने भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस, पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती हरबंश ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता,भीमराव रामजी अम्बेडकर, डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर नाम से लोकप्रिय थे। बाबा साहब भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। अंबेडकर एक महान और बेहद प्रभावशाली चरित्र वाले महापुरुष थे। उन्होंने जीवनभर समाज में दलितों, महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने,समाज में फैली जातिगत असमानता एवं सती प्रथा, बालविवाह, छुआछूत और अंधविश्वास जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के प्रयास में लगे रहे।

ट्रक ड्राइवरों से लूट, फरार आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। बलौदा क्षेत्र में रात में डरा-धमकाकर बड़ी गाड़ियों से डीजल की चोरी करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से 25 लीटर डीजल व तलवारनुमा कत्ता इनके कब्जे से बरामद किया है, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी चिमन लाल चाहर पिता रामेश्वर लाल (32) जोरावरपुरा जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) जीआर इन्फ्रा प्रोजेक्ट बलिया द्वारा बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके अनुसार 7 जुलाई रात 8 बजे जीआर कंपनी में लगे गाड़ी एक्सावेटर मशीन से डीजल चोरी कर रहा था, जो हम लोगों को देखकर भागने लगा। जिसे पकड़ने दौड़ा तो यह अपने पास रखे धारदार हथियार तलवार जैसा निकालकर हम लोगों को डराने लगा। रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 379, 511 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना

में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी सुरेंद्र दास निवासी खिसोरा थाना बलौदा के मेमोरेण्डम पर जुर्म करना स्वीकार करने तथा आरोपी को पेश करने पर नीले रंग के जरीकन में भरा हुआ लगभग 25 लीटर चोरी का डीजल कीमती 2500 रुपए एवं एक लोहे का पुराना धारदार तलवारनुमा कत्ता पेश करने पर गवाहों के समक्ष बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी को 8 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। आरोपी कृष्णा लहरे निवासी खिसोरा थाना बलौदा घटना घटित कर फरार था। जिसकी लगातार बलौदा पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे पकड़ा।

सोनू एक साल के लिए जिला बदर

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने 4 दिसम्बर 2023 को आदेश जारी कर सत्येन्द्र देवांगन उर्फ सोनू, पिता-रामधन देवांगन, उम्र-27 वर्ष, निवासी-अम्बेडकर आवास थाना चक्रधरनगर, रायगढ़ को एक साल के लिए, जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा सत्येन्द्र देवांगन को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। सत्येन्द्र देवांगन को उस अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर सत्येन्द्र देवांगन के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि सत्येन्द्र देवांगन वर्ष 2016 से चक्रधरनगर क्षेत्र में लगातार सट्टा पट्टी लिखकर असामाजिक कृत्य करने का अपराध घटित करते आ रहा है। उसके आपराधिक कृत्य से आम जनता आतंकित है तथा भय एवं आतंक के कारण उसके विरूद्ध खुले तौर पर शिकायत करने व साक्ष्य देने के लिए सामने आने का साहस नहीं कर पाते है। जिसके कारण शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सत्येन्द्र देवांगन के आचरण में सुधार लाने के लिए उसके विरूद्ध सामान्य विधियों के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का कोई असर नहीं हुआ है तथा सुधार नहीं आ रहा है। सत्येन्द्र देवांगन के आपराधिक कृत्यों के कारण जनसामान्य अपनी जानमाल की सुरक्षा के प्रति आशंकित होने लगे है, जिससे लोक परिशांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की भी युक्तियुक्त संभावना बनी हुई है।

11 हाथियों ने किया पड़ोसी जिले का रूख

कोरबा/नवप्रदेश। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज के अमलडीहा क्षेत्र में सक्रिय 11 हाथियों के दल ने बीती रात पड़ोसी जिले सरगुजा का रूख कर लिया। हाथियों का दल आधी रात को आगे बढ़ा और जंगल ही जंगल रास्ता तय करते हुए सीमा को पार कर पड़ोसी जिले में प्रवेश कर लिया। हाथियों के अन्यत्र जाने से कुदमुरा क्षेत्र के वन अमले ने राहत की सांस ली है। 26 हाथियों का दल पहले ही यहां से धरमजयगढ़ जा चुका है। जहां हाथियों के जाने से कुदमुरा के वन अमले ने राहत की सांस ली।

वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत सेमहरा में एक लोनर हाथी के आ जाने से संबंधित स्टाफ व ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। लोनर ने यहां पहुंचते ही काफी उत्पात मचाया और सात ग्रामीणों के खेतों में खड़े धान व अरहर की फसल को तहस-नहस कर दिया।

बारिश से धान को बचाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराए जाने पर सभी अधिकारी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, इसी का परिणाम है कि जिले में सुचारू रूप से निर्वाचन सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में प्रशिक्षण, नियमों की जानकारी के साथ पूर्व तैयारी हो तो निर्वाचन आसानी से सम्पन्न कराया जा सकता है।बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने भी सभी अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने टीम भावना के साथ काम किया। इस दौरान शांति, पारदर्शिता और नियमों का सख्ती से पालन करने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका से शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्री कुंदन ने कहा कि निर्वाचन सम्पन्न होने के साथ ही अब सभी विभाग अपने अंतर्गत सामान्य प्रशासनिक कार्यों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्र के तहसीलदार, खाद्य विभाग आपसी समन्वय के साथ बिना की बाधा के धान खरीदी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में वर्षा की संभावना को देखते हुए धान को सुरक्षित करने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व मामलों के निराकरण कर प्रगति लाने हेतु अपने अमले को निर्देशित करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को बोर्ड परीक्षा की तैयारी, मिड डे मील, शिक्षकों की उपस्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्य सुनिश्चित करने कहा। समाज कल्याण विभाग को पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने सहित सभी विभाग अपने कार्यों की समीक्षा करने निर्देशित किया। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, एएसपी पुपलेश, सीएसपी श्री स्मृतिक राजनाला, अपर कलेक्टर सुनील नायक, टेकचन्द अग्रवाल, एएल ध्रुव सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पढ़ाई ठप

चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी से स्कूली बच्चों की पढ़ाई हुई प्रभावित

शिक्षकों पर पिछड़ी पढ़ाई पूरी करने का दबाव

मुंगेली/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के चलते स्कूलों में पढ़ाई पर असर पड़ा है। चुनाव में शिक्षकों की ड्रेनिंग एवं अन्य गतिविधियों के चलते चुनाव के पूर्व शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच पा रहे थे। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। चुनाव संपन्न होने के पश्चात अब स्कूल गुलजार नजर आ रहे है।

किन्तु छमाही परीक्षा के लिए कोर्स कम्पलीट नहीं हो पाया है। इस वर्ष कक्षा 5वीं से लेकर 12वीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कोर्स पूरा करने की चिंता सताने लगी है। वहीं शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकों के जेब

भी कटने लगे हैं। कोर्स पूरा न होने की दशा में विद्यार्थी ट्यूशन के लिए मजबूर हो गए है। दीपावली के बाद से ही कुछ न कुछ त्यौहार एवं विधानसभा चुनाव होने से शिक्षकों की ड्यूटी लगने के कारण स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो गई। यही कारण है कि सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में बच्चे कार्स पूरा करने में पिछड़ गये है। वहीं बच्चों के सिर पर अब अर्द्धवार्षिक परीक्षा का समय आ गया है। शहर के बच्चे कोचिंग के चलते कहीं न कहीं कोर्स पूरा करने में सफल तो हो गए है परंतु ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे आज भी कोर्स पूरा नहीं होने के कारण चिंतित नजर आ रहे हैं। भला आधे-अधूरे कोर्स के साथ परीक्षा कैसे दिला सकते है। दिसंबर में बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा होनी है। इधर स्कूलों में आगामी 15 से 20 दिनों के भीतर अगर शिक्षक नियमित रूप से कक्षा लगाये तो कोर्स पूरा हो सकता है।

न्यूज गैलरी

छविंद्र कर्मा ने मतदाताओं व कार्यकताओं का माना आभार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, कर्मठ कार्यकर्ताओं और गौरवशाली जनता का आभार व्यक्त करते कहा है कि आपने मुझे विधानसभा प्रत्याशी के रूप में जो प्रेम और आशीर्वाद प्रदान किया। भविष्य में भी अपने क्षेत्र की सेवा के लिये समर्पित रहूंगा। चुनाव में मिले जनादेश ससम्मान स्वीकार है। आगे भी पार्टी से जो जिम्मेदारी मिलेगी, पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूँगा। छविंद्र कर्मा ने कहा है कि इस चुनाव में परिणाम भले ही उनके पक्ष में न आये हो, लेकिन दंतेवाड़ा के विकास व उन्नति के लिए निरन्तर समर्पित रहेंगे। हार-जीत सिक्के के दो पहलू है, जिसमें किसी को हार तो किसी को जीत मिलती है। भविष्य में मजबूत विपक्ष के रूप में नई ऊर्जा के साथ क्षेत्र में जनता के हितों की रक्षा के साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण करने हर सम्भव प्रयास लगातार रहेगा।

भविष्य के लिए लक्ष्य तय कर मेहनत करें : कलेक्टर

जगदलपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बाल दिवस के तहत आयोजित विज्ञान, गणित

और कामर्स प्रदर्शनी और फूड फेस्टिवल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने भविष्य के लिए तय किए लक्ष्य हेतु सतत प्रयास जरूरी है। स्कूली बच्चों ने विज्ञान, गणित और कामर्स प्रदर्शनी के लिए सकारात्मक ऊर्जा और समर्पण दिखाया जो उनके लगन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए अच्छे प्रदर्शनी के लिए स्कूल के विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों को बधाई दी।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने बच्चों के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर प्रतिदिन में उनकी उपयोगिता का भी संज्ञान लिया। फूड फेस्टिवल में बच्चों द्वारा प्रदर्शित व्यजनों का भी स्वाद लिया और सराहना किए। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य मनीषा खत्री ने स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराते हुए संस्था के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक और खेल गतिविधियो में देश-प्रदेश में अच्छे प्रदर्शन की जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थी और क्लासिक डांसर सुजॉय को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में बालमेला का आयोजन

भोपालपट्टनम/नवप्रदेश। डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्लूर भोपालपटनम में बच्चों के उत्साह वर्धन करने शिक्षा से जुड़ाव बनाने

बालमेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीएमओ सर डॉ.चलपत राव सीएफ प्रभारियों कमांडर सुरेश सिंह, टी आई सर जीवन कुमार जांगड़े एवं विद्यालय के प्राचार्य पूर्णचंद्र पात्रा ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद बच्चों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी ।बच्चों के प्रोत्साहन के लिए कैलिफोर्निया की कंपनी %सेक्योर आईडी सॉल्यूशंस ने 100 डॉलर स्वामी दयानंद सरस्वती हाउस को योगदान दिया ।इस में कक्षा रुयत से 12वीं तक के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस मेले में तरह-तरह के व्यंजन बनाए गए तथा बच्चों के कौशल विकास के लिए विभिन्न खेल भी रखे गए थे। अन्य विद्यालयों के बच्चे एवं अभिभावकों ने भी इस आयोजन का आनंद लिया। पूरा स्कूल प्रांगण लोगों से भरा हुआ था, यह नजारा बहुत ही आनंददायी था ।यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया जिसके लिए शिक्षकों एवं छात्रों ने कड़ी मेहनत की और उनका यह मेहनत रंग लाया और यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पत्रकार बंधु एवं एपीसी श्रीनिवास एटला भी उपस्थित हुए। बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

10वीं एवं 12वीं ओपन बोर्ड परीक्षा के आवेदन 30 तक

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल कक्षा दसवीं एवं 12वीं की मुख्य एवं अवसर परीक्षा अप्रैल 2023 में आयोजित है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन फार्म कांकेर जिले के विभिन्न विकासखंडों के 14अध्ययन केन्द्रों में वितरित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर तक निर्धारित की गई है।इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने निवास के नजदीक विकासखंड के अध्ययन केदो में आवेदन फार्म प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। शाला त्यागी एवं प्रौढ़ वर्ग को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्राथमिकता देकर इन्हें सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से यह परीक्षा आयोजित की जाती है 14 वर्ष से 18 वर्ष के आयु वर्ग के शाला त्यागी बच्चों को आवेदन फार्म के लिए आधार कार्ड एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर आवेदन फार्म वितरित किया जा सकेगा। प्रौढ़ वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नहीं होगी। कांकेर विकासखंड के अध्ययन केंद्र शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टीपारा कांकेर में दोपहर 2ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक फार्म वितरित किए जा रहे हैं इच्छुक अभ्यर्थी उसे समय में आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। कांकेर जिला के समन्वय ओपन केंद्र प्रभारी एवं प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी दी है।

कांग्रेस के कुशासन का हुआ अंत : राजेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा सहित समूचे प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारियो से मुलाकात कर भाजपा की जीत की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, भाजयुमो नेता अजय रोहरा, भाजपा आईटीसेल जिला संयोजक सागर मयाणी, नरोत्तम साहू, प्रतिक सिंह भी उपस्थित थे।भाजपा जिला अध्यक्ष राजेष साहू ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के पांच साल के कुषासन का अंत किया है। जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और अराजकता से त्रस्त से थी। जिसके चलते मन बनाकर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया है। प्रदेश की जनता ने एक फिर विकास को चुना है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में फिर से खुशहाली आएगी, शहर और गांव में विकास होगा। कांग्रेस सरकार के दौरान विकास कार्य थम गए थे, उसमें अब तेजी आएगी।

अंतागढ़-कांकेर में चला मोदी मैजिक, भानुप्रतापपुर में बरकरार रहा पंजा

■ भाजपा नेताओं ने कहा कांग्रेस अपने अहंकार व भ्रष्टाचार के कारण हारी

कांकेर/अंतागढ़/भानुप्रतापपुर / नवप्रदेश। जिले में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिले स्पष्ट बहुमत से चुनाव बेहद दिलचस्प हुआ। और जो नतीजे आए वह बेहद चौंकाने वाले रहे। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने नया जोश दिखाते हुए कांकेर व अंतागढ़ पर जीत हासिल किया है। वहीं,भानुप्रतापपुर में कांग्रेस पुनः जीत हासिल किया है।

कांकेर विधानसभा में 16 वोट से भाजपा प्रत्याशी आशराम नेताम विजयी हुए इसी तरह अंतागढ़ के भाजपा प्रत्याशी विक्रम उसेण्डी ने 25 हज़ार से अधिक वोटो से जीतकर कमल का परचम लहराया। भानुप्रतापपुर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी वर्तमान विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी ने 32 हज़ार 241 मतो से जीतकर अपनी सीट पर विजयी घोषित होते हुई। नाथियानवागांव स्थित पॉलीटेक्रीक कॉलेज में रविवार को सुबह 8 बजे मतगणना शुरू हुई है। सबसे पहले अंतागढ़ विधानसभा की मतगणना 16 राउण्ड में पूरी हुई है। भाजपा प्रत्याशी विक्रम उसेण्डी ने सभी प्रत्याशियों को मात देते हुए 59547 मत पाकर एक बार फिर अंतागढ़ विधान सभा में जीत हासिल किया। उनके विपक्ष में खड़े कांग्रेस प्रत्याशी रूपधर पोटाई को 35837 मत पाकर पराजय का सामना करना पड़ा। कांकेर विधान सभा का मतगणना करीब 18 राउंड में पूरी हुई। जिसमें पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा को करारी शिकस्त देते हुए भाजपा के प्रत्याशी आशाराम नेताम 67459 मत पाकर विजय प्राप्त किया। पूर्व विधायक को 67330 मत मिला।अंतिम मतगणना भानुप्रतापपुर विधानसभा की हुई। कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मनोज मंडावी 83931 भारी मतो से भानुप्रतापपुर विधानसभा की पुनरूविधायक बनी,जबकि उनके प्रतिद्वन्दी भाजपा प्रत्याशी गौतम उइके को 52999 मत पाकर हार का सामना करना पड़ा।

2003 में कम अंतर से भाजपा की हुई थी –वर्ष 2003 विधानसभा चुनाव की बात करे तो भानुप्रतापपुर में भाजपा की ओर से विधायक देव लाल दुग्गा 40803 मत पाकर विजयी हुए थे,जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मनोज मंडावी को 39424 मत मिले और 1379 से उन्हे हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह

कांकेर विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी अघन सिंह ठाकुर को 50198 मत मिले थे। उनके विपक्ष में रहे कांग्रेस के प्रत्याशी श्यामा ध्रुवा को 24387 मत पर सिमटना पड़ा था। 25811 वोट से अघन सिंह ठाकुर विजयी हुए थे। विधान चुनाव में 2008 वर्ष में अंतागढ़ से भाजपा के विक्रम उसेण्डी 37255 मत पाकर विजयी हुए थे। वहीं कांग्रेस के मंतुराम पवार को हार का सामना करना पड़ा था। भानुप्रतापपुर में बम्हानंद ने 41384 मत पाकर कांग्रसे के मनोज मंडावी को पराजय किया था। मनोज मंडावी को 25905 मत मिले थे। इसी तरह कांकेर में सुमित्रा मारकोले को 46793 मत मिले थे,जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ- प्रीति नेताम को 29290 मत मिले थे। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भानुप्रतापपुर क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की ओर से मनोज मंडावी ने 64837 मत पाकर अपने निकटतम भाजपा के प्रत्याशी सतीश लाटिया 14896 मतो से हराया था। भाजपा के प्रत्याशी को 49941 मत ही मिले थे। अंतागढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विक्रमदेव उसेण्डी को 53477 वोट पाकर विजयी हुए थे,जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मनतु राम पवार को 48306 वोट प्राप्त हुए थे। कांकेर विधानसभा निर्वाचन में शंक्रर ध्रुवा को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी थे,जिन्होने 50586 मत पाकर विजय बने थे। भाजपा के प्रत्याशी संजय कोड़ोपी को 45961 मत पाकर हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2018 में कांग्रेस पार्टी ने शिशुपाल शोरी को प्रत्याशी बनाया था,जो 69053 मत पाकर भाजपा के प्रत्याशी हीरा मरकाम को मात दिया था। मरकाम को 49249 वोट ही मिले थे। जबकि भानुप्रतापपुर में पूर्व कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी मनोज मंडावी को टिकट दिया गया, जो इस बार 72520 मत पाकर परचम लहराया था। भाजपा के प्रत्याशी देवलाल दुग्गा को मात्र 45827 मत पाकर हार का सामना करना पड़ा था। अंतागढ़ विधानसभा चुनाव में अनूप नाग को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया था,जिन्होने 57061 मत पाकर भाजपा के प्रत्याशी विक्रम उसेण्डी को मत दिया था। उन्हे 43647 मत ही मिले थे।

कार्यकर्ताओं की जीतः आशाराम-नवनिर्वाचित विधायक आशाराम ने कहा कि विधायक पद की जीत समस्त कार्यकर्ताओं की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष सहित भाजपा के समस्त पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं का उनका जीत पर श्रेय जाता है।

केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ आमजनता को मिल रहा था और अब मिलेगा। कांग्रेस सरकार के अहंकार व भष्ट्राचार की हार को लेकर कहा की भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश सहित जिले के आमजनता को मिल रही है। कांग्रेस के अहंकार व भष्ट्राचार की हार हुई है। भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने छग में चुनाव जीत हासिल किया है। समस्त कार्यकर्ताओं का मेहनत रंग लाई है।

केंद्र सरकार की महती योजनाओं ने दिलाई जीतः भरत मटियारा –पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा भरत मतियारा ने नवनिर्वाचित विधायक को बधाई देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को आम जनता को लाभ मिला इसी की बदौलत छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल हुई है।-भरत मटियारा ने विधान सभा में हुए चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और प्रदेश के सहप्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष अरुण साव,भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय से लेकर बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने इमानदारी से मेहनत किया है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है और हमारी सरकार की सारी योजनाओ को अब शहर से लेकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।कांग्रेस सरकार की लापरवाही को हर जनता देख रही थी जिसका खामियाजा उन्हे हार का सामना कर मिला है।

मिचौंग का असर मंगलवार रात से बारिश जारी

■ बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की मुश्किलें, धान खरीदी बंद

कांकेर/नवप्रदेश। बीते दो दिनों से शहर में मौसम ने करवट बदली है। दक्षिण में आए मिचौग तूफान का असर कांकेर जिले में भी देखा जा सकता है।सोमवार को दिन भर बादल छाए हुए थे लेकिन मंगलवार को सुबह से मौसम अचानक परिवर्तन हुआ दिनभर मौसम का उतार-चढ़ाव होता रहा। शाम को करीब 5.30 बजे हल्की बारिश हुई फिर देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। मंगलवार रात से बारिश शुरू हुई जो आज शाम तक लगातार बारिश जीती रही अचानक बारीश होने से ठिठुरन बढ़ गई जिसके बाद लोग गर्म कपड़ा पहनकर घरों से निकल रहे हैं। मौसम में हुई अचानक परिवर्तन से दिनभर बादल में काली घटा छाई रही है। शाम को हल्की बारिश भी हुई है। हल्की बारिश होने से लोग अपने गतव्य स्थान पहुंचने के लिए जल्दबाजी में दिखे। इधर मौसम में आई ठंडकता के बाद लोग अलावा का सहारा लेते दिखे। आसमान में छाई बदली से सबसे ज्यादा किसान चिंतिंत दिखे,जो सुबह से ही अपनी फसल सुरक्षित करने में लगे हुए थे। अंचल के किसान सुबह से अपनी फसल को कटाई व मिंजाई करने लगे रहे। कुछ किसान अपनी फसल को सुरक्षित स्थान में रखने के लिए व्यवस्थ दिखे। किसान हुए चितिंत बारिश होने से किसान अपने फसल को लेकर चितिंत हो गए है। वहीं धान बोरो व धान की बीड़ा कां बारिश से बचाने के लिए तालपतरी से ढकने में लगे रहे है। किसान अपनी फसल की कटाई कर खुले में पड़े धान को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

रात में पुलिस की सरप्राइज चेकिंग

कवर्धा/नवप्रदेश । यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा वाहन चालकों को जागरूक करने हेतु समय-समय पर जागरूकता अभियान एवं लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार 5 दिसंबर 23 को रात्रि 10ः00 बजे से 12ः00 तक सिग्नल चौक में नशा कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले, नाबालिक द्वारा वाहन चालने, मोडिफाईड सायलेंसर, गलत नंबर प्लेट, माल वाहक में सवारी ले जाने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु सख्त हिदायत देते हुये, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 की कार्रवाई की गई है। यह कार्यवाही लगातार जिले में जारी रहेगी।

धमतरी में बारिश जारी

नगरी/नवप्रदेश। मिचौंग चक्रवर्ती का असर प्रदेश में 5 दिसंबर को अधिकांश धमतरी जिले में अधिकतम तापमान में काफी ज्यादा गिरावट हो चुकी है इसलिए कल दिनांक 6 दिसंबर को ज्यादा परिवर्तन हुई चक्रवर्ती तूफान ने जो धमतरी जिले में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है. बेमौसम बारिश ने जिले के कुछ फसल कटाई बाकी है जिसमे किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है. बारिश से धान के फसल को नुकसान होने की आशंका है। इसके साथ ही फसल में कटवा बीमारी लगने की भी आशंका है, इससे किसानों को नुकसान हो सकता है. इसके कारण किसान चिंतित नजर आ रहे हैं. बेमौसम बारिश ने प्रदेश के किसानों के मेहनत में पानी फेर दिया है। किसानों के खेतों में नमी आ जाने से परेशानियां बढ़ गई है। खेत खलिहानों में धान की फसल को भी नुकसान हुआ है। दलहन, तिलहन व सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं ठंड भी लोगों को कपकंपा रही है। इससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।किसानों की मानें तो खेतों में अभी भी धान की फसल कटी नहीं है. मौसम खराब होने और बेमौसम बारिश से मिट्टी गीली है, जिससे, वहीं धान भीगकर काला भी हो सकता है। किसानों ने कटे धान के दानों को पॉलीथिन से ढंककर भी रखा है, लेकिन मौसम साफ नहीं हुआ तो किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है,ऐसे में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही है साथ नगरी अंचल के सभी सोसाटियों में धान खरीदी केंद्रों पर धान खरीदी बंद कर दिया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (चतुर्थ आमंत्रण)

क्र. 3460/न.पा.नि./लो.नि.वि./2023 जगदलपुर, दिनांक 06/12/2023

नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'A' में दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर दिनांक 20.12.2023 को सायं 05.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 21.12.2023 को प्रातः 11.30 बजे खोले जावेंगे। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 13.12.2023 को सायं 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 14.12.2023 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से एवं लोक निर्माण शाखा में देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	कार्य का नाम	नि.रा. (लाख में)	अमानत राशि
01	पेवर ब्लाक कार्य दुर्गा मंच से सोनू चौहान घर तक जवाहर नगर वार्ड क्र. 24	11.15	10000.00
02	पेवर ब्लाक कार्य महादेव घर से पवन घर तक जवाहर नगर वार्ड क्र. 24	09.91	10000.00

नगरपालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

ई आफीस–1301955

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र अंतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु कोयला धारक (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के अंतर्गत ग्राम मलगांव की भूमि अधिग्रहित कर ली गई है। अतः निम्नलिखित तथा संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर भूमि का मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

	संख्या क्र.	I.A संख्या क्र.	खातेदार का नाम	खसरा नं0	अर्जित रकबा (हे.में)	(एकड़ में)	संभावित रोजगार	जाति	Land Compensation Status	Status
1	1	200	सावाराम पिता धासीराम सुखन सिंह भुवन सिंह त्रिभुवन सिंह पिता आशाराम पत्नीन बेवा आशाराम	166/2,171,182/2, 183, 198/2, 259/2, 259/4, 536/1, 544/2	1.722	4.26	2	अ.ज.जा.	Application not received	फौती नामांतरण का केस था। आदेश मिल गया है, नौकरी का काम करके जमा करना है।
2	71	185	रेवती बाई पति पतिराम	554/20,555/14, 557/17,558/27	0.202	0.50		अ.ज.जा.	Application not received	पति राम दीपका प्रोजेक्ट मे एम्पलोयी है, पति पत्नी के नाम अलग अलग दो खाता है, नौकरी के लिए खाता जोड़ने का प्रयास कर रहा है। नही हो सकता है। बताया गया है।
3	77	222	[illegible] पिता मुकुलराम	558/6	0.182	0.45			Application not received	खाता जोड़ना चाहते है, नौकरी के लिए (एक शामील खाता है एक सिंगल खाता है
4	91	136	पतिराम पिता [illegible] रेवती बाई पति पतिराम	554/16, 555/10, 557/13, 558/23	0.146	0.36		अ.ज.जा.	Application not received	पति राम दीपका प्रोजेक्ट मे एम्पलोयी है, पति पत्नी के नाम अलग अलग दो खाता है, नौकरी के लिए खाता जोड़ने का प्रयास कर रहा है। नही हो सकता है। बताया गया है
5	98	68	जानकी बाई पिता प्रेमसिंह	188/13, 552/7	0.129	0.32		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
6	113	186	रामसनेही पिता शिवलाल	533/3	0.121	0.30			Application not received	[illegible]
7	116	180	रमेश कुमार पिता भोक सिंह	539/2	0.117	0.29		अ.ज.जा.	Application not received	नौकरी चाहता है तुरन्त अधिग्रहण के साथ खाता जोड़ कर। जो नही हो सकता,बताया गया है
8	126	60	चन्द्रकिशोर पिता सपूरन सिंह	556/1	0.101	0.25		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
9	131	162	माखन सिंह पिता सपूरन सिंह कंवर,	546/1, 558/7	0.101	0.25		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
10	134	187	रामशीला पिता सपूरन सिंह	556/3	0.101	0.25		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
11	138	188	रामनाथ पिता सपूरन सिंह कंवर	556/4	0.097	0.24		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
12	140	190	[illegible]	538/1	0.093	0.23		पि.व.	Application not received	तारेश राठौर (केसीसी एम्पलाईस) के रिश्तेदार है। जिम्मेदारी तारेश को दी गई है।
13	141	98	दिनेश कुमार पिता भोक सिंह	542/1	0.089	0.22		अ.ज.जा.	Application not received	नौकरी चाहता है तुरन्त अधिग्रहण के साथ खाता जोड़ कर। जो नही हो सकता, बताया गया है
14	147	34	कमला बाई पिता कुंजीलाल	254/1	0.081	0.20			Application not received	नौकरी चाहता है तुरन्त अधिग्रहण के साथ खाता जोड़ कर। जो नही हो सकता,बताया गया है
15	157	148	भोगसिंह पिता रामसिंह सोनकुंवर बेवा रामसिंह	537/1	0.069	0.17		अ.ज.जा.	Application not received	नौकरी चाहता है तुरन्त अधिग्रहण के साथ खाता जोड़ कर। जो नही हो सकता,बताया गया है
16	158	112	नरबदा पिता नारायण सिंह	554/6	0.065	0.16			Application not received	ईश्वर पाल सिंह के रिश्तेदार है
17	159	67	ज्योतिभूषण सिंह, दीवानलाल सिंह पिता द्वारिका सिंह	533/4	0.064	0.16		अ.ज.जा.	Application not received	धन श्याम का सर्विस का फायर स्टेट वेरीफिकेशन के लिए गया है सर्विस के बाद ऐप्लीकेशन जमा करने की बात कहते है
18	165	220	सरस्वती पिता नारायण सिंह	557/3	0.061	0.15		अ.ज.जा.	Application not received	ईश्वर पाल सिंह के रिश्तेदार है
19	166	221	सुरजीत सिंह पिता जेतू सिंह	557/9	0.060	0.15		अ.ज.जा.	Application not received	ईश्वर पाल सिंह के रिश्तेदार है
20	177	114	नंदलाल सिंह पिता अमीर सिंह	557/8	0.041	0.10		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
21	178	13	आशा पिता बद्री प्रसाद	543/3	0.040	0.10		पि.व.	Application not received	तारेश राठौर (केसीसी एम्पलाईस) के रिश्तेदार है। जिम्मेदारी तारेश को दी गई है ।
22	180	26	उमेश पिता बद्रीनाथ	543/1	0.040	0.10		पि.व.	Application not received	तारेश राठौर (केसीसी एम्पलाईस) के रिश्तेदार है। जिम्मेदारी तारेश को दी गई है।
23	189	191	लोकेश कुमार पिता बद्रीनाथ राठौर	542/2	0.040	0.10		पि.व.	Application not received	तारेश राठौर (केसीसी एम्पलाईस) के रिश्तेदार है। जिम्मेदारी तारेश को दी गई है।
24	190	195	लकेश्वर सिंह पिता पंचराम	543/12	0.040	0.10			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
25	191	193	ललिता पिता अमर सिंह	553/3	0.040	0.10		अ.ज.जा.	Application not received	ईश्वर पाल सिंह के रिश्तेदार है
26	198	16	अंजनी पिता दयाल सिंह	543/10	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
27	203	44	रानी पिता शनी	543/5	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
28	205	58	केशव प्रसाद पिता लकेश्वर	540/4	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
29	208	99	देवेन्द्र पिता बहोरन	543/9	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
30	213	124	पूर्णिमा पिता तिलकराम	543/11	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
31	214	140	बिरेन्द्र प्रसाद पिता लकेश्वर प्रसाद कंवर	543/8	0.020	0.05		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
32	217	181	रजनी पिता बद्रीप्रसाद	543/4	0.020	0.05		पि.व.	Application not received	तारेश राठौर (केसीसी एम्पलाईस) के रिश्तेदार है। जिम्मेदारी तारेश को दी गई है
33	222	212	सावित्री पिता कमलेदास	250/7	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
34	223	215	सुनिता बाई पिता मेहतिकराम	542/3	0.020	0.05			Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
35	224	218	संगीता पिता अमर सिंह	553/5	0.020	0.05		अ.ज.जा.	Application not received	ईश्वर पाल सिंह के रिश्तेदार है
36	230	236	हरनारायण सिंह पिता बाबूसिंह	554/18,555/12, 557/15, 558/25	0.016	0.04			Application not received	नाम सुधार कर रहे है
37	232	59	चमरा सिंह पिता हीरासिंह	554/14, 555/8, 557/11,558/21	0.012	0.03		अ.ज.जा.	Application not received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
38	144	125	पीयूष सिंह पिता गणेशसिंह	552/11	0.085	0.21			Incomplete Application received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
39	215	163	मानसिंह पिता बदनसिंह	554/17,555/11, 557/14,558/24	0.020	0.05		अ.ज.जा.	Incomplete Application received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है
40	231	237	हरिहर सिंह पिता दयालसिंह	554/19,55/13, 557/16,558/26	0.016	0.04			Incomplete Application received	व्यक्ति का कोई पता नही चल पाया है

SECL/23-24/237 महाप्रबंधक,एसईसीएल, दीपका क्षेत्र

भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित

नईदिल्ली। भारतीय टीम 10 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीनों फॉर्मेट की सीरीज़ खेलेगी. दौरे में होने वाली टी20 सीरीज़ के लिए दक्षिण अफ्रीका ने टीम का एलान कर दिया है, जिसकी कमान एडन मार्करम को सौंपी गई है. भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज़ से होगी. टी20 सीरीज़ का पहला मैच 10 दिसंबर डरबन में खेला जाएगा.

दोनों के बीच टी20 सीरीज़ में कुल 3 मैच होंगे, जिसका आखिरी मुकाबला 14 दिसंबर को जोहांसबर्ग में होगा. वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद यह दक्षिण अफ्रीका का पहला असनाइमेंट होगा. अफ्रीका ने टीम में नए और पुराने खिलाड़ियों को मिलाजुलाकर रखा है. टीम में डेविड मिलर, तबरेज शम्सी, केशव महाराज, हेनकिर क्लासेन और लुंगी एंडिगी जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं. वहीं वर्ल्ड कप में अफ्रीका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी, जहां उन्हें ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार झेलनी पड़ी थी. इसके अलावा वनडे वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज़ गेंदबाज़ गेराल्ड कोएट्ज़ी को भी मौका दिया गया है. कोएट्ज़ी ने 8 मैचों में 19.80 की शानदार औसत से 20 विकेट झटके थे. 23 वर्षीय कोएट्ज़ी विश्व कप में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले चौथे और साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे थे. एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनीएल बार्टमैन, मैथ्यू ब्रेट्ज़के, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्ज़ी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, लिजाद विलियम्स

पूरे दौरे के लिए ऐसा है शेड्यूल

पहला टी20- 10 दिसंबर, रविवार, डरबन
दूसरा टी20- 12 दिसंबर, मंगलवार, गकीबेरा
तीसरा टी20- 14 दिसंबर, गुरुवार, जोहांसबर्ग.
पहला वनडे- 17 दिसंबर, रविवार, जोहांसबर्ग
दूसरा वनडे- 19 दिसंबर, मंगलवार, गकीबेरा
तीसरा वनडे- 21 दिसंबर, गुरुवार, पार्ल.
पहला टेस्ट- 26 से 30 दिसंबर के बीच, सेंचुरियन
दूसरा टेस्ट- 03 से 07 जनवरी के बीच, केपटाउन.

सैम करन एक वनडे मैच में सर्वाधिक रन लुटाने वाले इंग्लिश गेंदबाज बने

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे में 4 विकेट से शिकस्त मिली। इस मुकाबले में इंग्लिश गेंदबाज महंगे साबित हुए और 326 रनों के बड़े लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके। मेहमान टीम के प्रमुख ऑलराउंडर सैम कर्रन ने इस मैच में शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह किसी 1 वनडे मैच में सर्वाधिक रन लुटाने वाले इंग्लिश गेंदबाज बन गए।

कर्रन इंग्लैंड की ओर से पहला ओवर करने आए, जिसमें उन्होंने 11 रन खर्च किए। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाजे ने पावरप्ले के ओवरों में उनके खिलाफ आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इसके बाद कैरेबियाई कप्तान शाई होप और रोमारियो शेफर्ड ने भी कर्रन की खूब पिटाई की।कर्रन ने अपने 9.5 ओवर में 9.8 की इकॉनमी रेट से 98 रन खर्च किए। इस बीच वह कोई विकेट भी नहीं ले सके।

कर्रन ने एक मैच में इंग्लैंड से सर्वाधिक रन पिटाने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया।उन्होंने स्टीव हार्मिसन (0/97, बनाम श्रीलंका) और क्रिस जॉर्डन (1/97, बनाम न्यूजीलैंड) को पीछे छोड़ा।इन गेंदबाजों के अलावा जेक बॉल, जेम्स एंडरसन (2 बार), लियाम प्लंकेट और क्रिस वोक्स वनडे मैच में 90 या उससे अधिक रन देने वाले अन्य इंग्लिश गेंदबाज हैं।कर्रन के नाम अब 1 वनडे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक रन देने का रिकॉर्ड भी बन गया है। कर्रन ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में अब तक 30 मैच खेले हैं, जिसमें 42.26 की औसत और 6.28 की इकॉनमी रेट के साथ 30 विकेट ही लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 48 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है।बल्लेबाजी में उन्होंने 22.80 की औसत और 97.64 की स्ट्राइक रेट के साथ 456 रन बनाए हैं। इस बीच वह 1 अर्धशतक भी अपने नाम कर चुके हैं।

पाकिस्तान की महिला टीम पहली बार न्यूजीलैंड से सीरीज जीती

डुनेडिन। पाकिस्तान ने सीरीज के दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड पर 10 रनों की शानदार जीत के साथ पांच साल से अधिक के सूखे को तोड़ दिया और अपना खुद का इतिहास रच दिया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही पाकिस्तान टीम ने अपने 20 ओवरों में कुल 137/6 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया और मेजबान टीम को रोकने और श्रृंखला जीतने वाली जीत दर्ज करने के लिए अच्छी गेंदबाजी की। यह पहली बार था जब पाकिस्तान ने अपने इतिहास में व्हाइट फर्न्स के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीती है, जबकि अक्टूबर 2018 में बांग्लादेश को हराने के बाद से घर से दूर यह उनकी पहली टी20 श्रृंखला जीत है। और यह एक बहुप्रतीक्षित जीत भी थी, जिसमें दर्शकों को मुनीबा अली (35), आलिया रियाज़ (32*) और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ (21) से बल्ले से अच्छा योगदान मिला। बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल ने इसके बाद बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट (2) और अमेलिया केर (2) को आउट कर न्यूजीलैंड को जवाब में 9/2 पर रोकने में मदद की और मेजबान टीम के लिए वापसी का कोई रास्ता नहीं था क्योंकि पाकिस्तान थोड़ी परेशानी के साथ घर पहुंच गया।

पहले टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 का ऐलान

नईदिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है।पर्थ में होने वाले इस मुकाबले के लिए पैट कमिंस के नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम घोषित की गई है। अनकैप्ड लांस मॉरिस भी टीम में चुने गए हैं। उनके अलावा बाकी सभी प्रमुख खिलाड़ियों को जगह मिली है।बता दें कि पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मॉरिस ने अपने फर्स्ट-क्लास करियर में अब तक 22 मैच खेले हैं, जिसमें 25.44 की औसत के साथ कुल 74 विकेट लिए हैं।इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। वह दौरान वह 2 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।हाल ही में उन्होंने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड 2023 में 3 मैच खेले हैं, जिसमें 25.54 की औसत के साथ 11 विकेट हासिल किए हैं।अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर के लिए यह आखिरी टेस्ट सीरीज होने वाली है। वह पहले ही बता चुके हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में होने वाले सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में वह टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लेंगे। अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की चोट से रिकवरी के बाद टीम में वापसी हुई है। एलेक्स कैरी बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में चुने गए हैं। वह हाल ही में वनडे टीम में जोस इंग्लिश के सामने पिछड़ते हुए नजर आए थे।कमिंस के अलावा जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं जबकि ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एक तेज गेंदबाजी के अन्य विकल्प हैं।लियोन की वापसी के चलते टॉड मर्फी को 14 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिल सकी है।ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ 14 दिसंबर को पर्थ में पहला टेस्ट खेलना है।इसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न में दूसरा टेस्ट और 3 जनवरी, 2024 से सिडनी में आखिरी टेस्ट खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, लांस मॉरिस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और डेविड वार्नर।

पाकिस्तानी टीम- शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम-उल-हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम, नोमान अली, सैम अयुब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील और शाहीन अफरीदी

बिजनेस

जीपीटी-4 के बिंग के लिए बनाया डीप सर्च फीचर

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट ने ओपनएआई के जीपीटी-4 द्वारा संचालित अपने बिंग सर्च इंजन के लिए डीप सर्च फीचर बनाया है, जो यूजर्स को सर्च क्वेरीज के लिए अधिक प्रासंगिक और व्यापक जवाब देगा। डीप सर्च बिंग की मौजूदा वेब सर्च का रिप्लेसमेंट नहीं है, बल्कि यह वेब के एक्सप्लोर के लिए विकल्प प्रदान करता है।माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, डीप सर्च बिंग के मौजूदा वेब इंडेक्स और रैंकिंग सिस्टम पर आधारित है और उन्हें जीपीटी-4 के साथ बढ़ाता है। जीपीटी-4 एक अत्याधुनिक जेनरेटिव एआई एलएलएम है जो किसी भी इनपुट से प्राकृतिक भाषा का टेक्स्ट बना सकता है।डीप सर्च के मामले में, जीपीटी-4 सर्च क्वेरी लेता है और रिजल्ट्स के सेट में क्या शामिल होना चाहिए, इसे अधिक व्यापक विवरण में विस्तारित करता है।डीप सर्च सभी संभावित इंटेंट्स को खोजने के लिए जीपीटी-4 का लाभ उठाता है और क्वेरीज के लिए एक व्यापक विवरण की गणना करता है।कंपनी ने बताया, बिंग पर रेगुलर सर्च पहले से ही प्रत्येक सर्च के लिए लाखों वेब पेजों पर विचार करती है और डीप सर्च उन रिजल्ट्स को खोजने के लिए दस गुना ज्यादा करता है जो नॉर्मल सर्च में हाई रैंक वाले रिजल्ट की तुलना में अधिक जानकारीपूर्ण और विशिष्ट होते हैं।एक बार जब डीप सर्च ने रिव्यू के लिए वेब पेजों का एक वाइड कलेक्शन एकत्र कर लिया, तो यह उन्हें इस आधार पर रैंक करता है कि वे व्यापक विवरण से कितनी अच्छी तरह मेल खाते हैं।यह फीचर प्रत्येक रिजल्ट की प्रासंगिकता और गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए विभिन्न प्रकार के संकेतों का उपयोग करता है, जैसे कि टॉपिक कितनी अच्छी तरह मेल खाता है, सोर्स कितना विश्वसनीय है, यह कितना फ्रेश और पॉपुलर है, इत्यादि जैसे फैक्टर पर विचार किया जाता है। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, ऐसा करने से, डीप सर्च उन रिजल्ट और जवाबों की एक क्यूरेटेड लिस्ट प्रस्तुत कर सकता है जो आपके सवालों का जवाब देने, आपकी जिज्ञासा को संतुष्ट करने या आपकी समस्या का समाधान करने की अधिक संभावना रखते हैं।कंपनी ने कहा, डीप सर्च को पूरा होने में 30 सेकंड तक का समय लग सकता है। यह नॉर्मल सर्च की तुलना में लंबा समय लग सकता है, लेकिन अधिक विशिष्ट या व्यापक उत्तरों के लिए इंतजार करना सार्थक हो सकता है। जीपीटी-4 का उपयोग पहले से ही बिंग पर कई स्थानों पर किया जाता है, जिसमें कोपायलट, डिजाइनर से इमेज क्रिएटर और रेगुलर वेब रिजल्ट रैंकिंग शामिल हैं।

एचडीएफसी बैंक रक्तदान अभियान का करेगा आयोजन

मुंबई/नवप्रदेश। भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफ सी बैंक शुक्रवार, 8 दिसंबर 2023 से शुरू होने वाले अपने राष्ट्रव्यापी 'रक्तदान अभियान' के 15वें संस्करण को आयोजित करने की योजना बना रहा है। अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत भारत के 1200+ शहरों में 6,000 केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन करेगा। इस वर्ष के रक्तदान अभियान में 4.5 लाख से अधिक रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, कॉरपोरेट्स, रक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के रक्त दानदाताओं को जुटाने के लिए तैयार है। इस साल एक अनोखे दृष्टिकोण में एचडीएफसी बैंक ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए 'फ ीलिंग ऑफ सेविंग समवन' नामक एक फि ल्म लॉन्च की है। फि ल्म व्यक्तियों को इस जीवन रक्षक कार्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है और रक्तदान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देती है। यह फिल्म बैंक के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी, यह जनता के बीच उनके योगदान के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और अभियान में बड़े पैमाने पर रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा।

सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई। आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार जारी लिवाली की बदौलत आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने जबरदस्त तेजी के साथ फिर नया रिकॉर्ड बनाया।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 398.69 अंक की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम 69 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 69263.81 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 122.10 अंक उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर 20808.90 अंक पर रहाशुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 303 अंक की तूफानी तेजी के साथ 69168.53 अंक पर खुला लेकिन ऊंचे भाव पर बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 68954.88 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके बाद लिवाली का जोर बढ़ने से यह 69336.44 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।बीएसई के सत्रह समूह में लिवाली हुई। इस दौरान यूटिलिटीज 3.05, पावर 2.87, सर्विसेज 2.48, तेल एवं गैस 1.53, बैंकिंग 1.50, वित्तीय सेवाएं 1.13, ऊर्जा 1.04 और कमोडिटीज़ समूह के शायर 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहे। इस दौरान निफ्टी की शुरूआत भी मजबूत रही और यह 122 अंक की बढ़त के साथ 20808.90 अंक पर खुला और अबतक के सत्र के दौरान 20711.15 अंक के निचले जबकि 20834 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

घरेलू फिनटेक स्टार्टअप जेस्टमनी होगा बंद

नई दिल्ली। गोल्डमैन सैक्स द्वारा समर्थित घरेलू डिजिटल ईएमआई फाइनेंसिंग प्लेटफॉर्म जेस्टमनी खरीदार ढूंढने के कई असफल प्रयासों के बाद परिचालन बंद कर रही है। जेस्टमनी का मूल्य 445 मिलियन डॉलर था और इसने रिबिट कैपिटल, ओमिडयार नेटवर्क, पेयू, श्याओमी और अल्टेरिया कैपिटल जैसे कई निवेशकों से 130 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए थे।

टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्टअप के नए नेतृत्व ने कर्मचारियों को मंगलवार को बंद करने के फैसले के बारे में सूचित किया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतृत्व ने कहा, इस महीने के अंत तक स्टार्टअप पूरी तरह से बंद हो जाएगा। जेस्टमनी की ओर से अपना परिचालन बंद करने के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें (बीएनपीएल) स्टार्टअप ने पहली बार इंटरनेट ग्राहकों को छोटे ऋण दिए। इस साल मई में, जेस्टमनी के संस्थापकों ने इस्तीफा दे दिया क्योंकि फिनटेक स्टार्टअप नई पूंजी जुटाने में विफल रहा।लीडिंग फिनटेक कंपनी फोनपे द्वारा जेस्टमनी के अधिग्रहण का संभावित सौदा हाल ही में विफल हो गया। बेंगलुरु स्थित जेस्टमनी ने पहले अपने लगभग 20 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, जिसका असर लगभग 100 कर्मचारियों पर पड़ा था।कंपनी के पास पिछले साल 10,000 से अधिक ऑनलाइन पार्टनर्स और 75,000 फिजिकल स्टोर्स के साथ व्यापारियों का एक नेटवर्क था। कंपनी ने 17 मिलियन के पंजीकृत उपयोगकर्ता आधार की सूचना दी और देश भर में 85,000 खुदरा टच-प्वाइंट पर लाइव था।

सैमको म्यूचुअल फंड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड (डीएएएफ) को लॉन्च किया है। यह अनूठा फंड निवेशकों को आज के गतिशील बाजार परिवेश में स्थिरता, विकास क्षमता और नकारात्मक पक्ष से सुरक्षा का विशिष्ट मिश्रण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह भारत का पहला डीएएएफ है जो कठिन समय में पूरी तरह से ऋण में स्थानांतरित होने की क्षमता के साथ गति मॉडल का पालन करता है। श्रेणी में समान मॉडल मौजूद नहीं है।

एनबीके 109 की शूटिंग शुरू

नंदमुरी बालकृष्ण अपने 49 वर्षों के शानदार करियर में एक्शन मनोरंजन और बड़ी ब्लॉकबस्टर सफलताओं का पर्याय बन गए हैं। उन्होंने अपने खास अंदाज में लार्जर दैन लाइफ और यादगार किरदारों को बड़े पर्दे पर जीवंत कर दिया।

जब भी वह स्क्रीन पर दहाड़ते हैं तो बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड टूट जाते हैं जो लंबे समय तक याद रहेंगे। अब, नंदमुरी बालकृष्ण ब्लॉकबस्टर निर्देशक बॉबी कोल्ली के निर्देशन में एक और बड़ी एक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं। सीथारा एंटरटेनमेंट्स, जो हाल के वर्षों में तेलुगु सिनेमा का सबसे व्यस्त प्रोडक्शन हाउस रहा है, ने इस एक्शन तमाशा को बड़े पैमाने पर बनाने का फैसला किया है।बॉबी कोल्ली, अपने शानदार दृश्यों और अपने मुख्य अभिनेताओं की भव्य प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं। वह मुख्य भूमिका में नंदामुरी बालकृष्ण के साथ रक्त स्नान का वादा कर रहे हैं।एक रचनात्मक पोस्टर में, उन्होंने भगवान हनुमान ताबीज या तावीज़ का प्रदर्शन किया जिसमें भगवान नरसिम्हा को दानव या असुरों पर हमला करते हुए दर्शाया गया था! पोस्टर के साथ निर्माताओं ने घोषणा की है कि एनबीके 109 की शूटिंग शुरू हो गई है।पोस्टर क्रिएटिविटी ही पहले से ही बेसब्री से प्रतीक्षित कॉम्बिनेशन के लिए चर्चा बढ़ा रही है। मूवी का शीर्षक फिलहाल स एनबीके 109 रखा गया है।सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या क्रमशः सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज पर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म को श्रीकारा स्टूडियो प्रस्तुत कर रहा है। जल्द ही और अपडेट की घोषणा की जाएगी.

काले रंग की ड्रेस में नेहा ने गिराई बिजलियां

जब-जब भोजपुरी हसीनाओं का नाम लिया जाता है तो उसमें एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम जरूर आता है. नेहा मलिक अपने प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ अपनी कातिलाना अदाओं के लिए इंटरनेट पर बवाल मचाए रहती हैं. जैसे ही वह अपनी कोई भी फोटो या वीडियो शेयर करती हैं, वैसे ही इंटरनेट का पर हाई हो जाता है. नेहा मलिक के चाहने वाले उनकी तस्वीरें देखने के लिए बेताब बैठे रहते हैं. हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर कर दी हैं, जिन्हें देखने के बाद लोगों के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं और रातों की नींद उड़ गई हैं. नेहा मलिक की ये तस्वीरें इतनी ज्यादा अट्रैक्टिव हैं कि उन पर मिनट में ही लाइक्स और कमेंट की बहार आ गई है. नेहा मलिक के इस लेटेस्ट लुक को देखकर के लोग उन पर फिदा हुए जा रहे हैं और लोग कह रहे हैं कि ऐसा लग रहा है कि आसमान से अप्सरा उतर कर आ गई है. नेहा मलिक की लेटेस्ट तस्वीरें इतनी ज्यादा खूबसूरत हैं कि उन्हें देखकर लोगों के दिलों पर सांप लोटे जा रहे हैं. नेहा मलिक ने अपनी कातिलाना तस्वीरों को खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है, जिसमें उनका ऑल ब्लैक लुक लोगों के दिलों को धड़का रहा है. उनकी ये फोटोस बहुत ही ज्यादा प्यारी लग रही हैं. शेयर की गई तस्वीरों में नेहा मलिक ने एक से बढ़कर एक दिल धड़कने वाले पोज दिए हैं, वहीं, हाई हील्स में तो उनका स्टाइल और भी ज्यादा ग्लैमरस लग रहा है. बता दें कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब नेहा मलिक ने अपनी तस्वीरों से बवाल मचाया है. इससे पहले भी वह अपनी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस और सिजलिंग अदाओं से लोगों के दिलों में छुरियां चलाती रहती हैं. नेहा मलिक के लिए उनके चाहने वालों की दीवानगी इतनी ज्यादा है कि लोग उनके सोशल अकाउंट्स पर नजरें गड़ाए बैठे रहते हैं. जैसे ही वह कोई पोस्ट करती हैं, वैसे ही लोग उन पर कमेंट्स और लाइक करना शुरू कर देते हैं।

कांग्रेस की हार क्रिकेट वर्ल्ड कप की तरह सभी मैच जीते परंतु फाइनल हारे : सिंहदेव

सरगुजा/नवप्रदेश। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार की तुलना क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की हार से की। उन्होंने कहा कि भारत ने सभी मैच जीते लेकिन अंतिम मुकाबला हार गए। उन्होंने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि नेतृत्व एक होकर सामूहिक रूप से काम कर रहा था, किसी तरह का कोई बिखराव नहीं था। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें कही जा रही हैं कि आदिवासी मतों का बंटवारा हुआ, लेकिन इसका दायरा 'सीमित' है, पार्टी ने शहरी क्षेत्रों में भी खराब प्रदर्शन किया है।

कांग्रेस ने स्थानीय निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन महत्वपूर्ण मुकाबले में हार गए। समाचार एजेंसी के सवाल पर सिंहदेव ने कहा, %%यह बहुत कुछ इस विश्व कप जैसा लग रहा है जहां हमने अन्य आयोजनों (मैचों) में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन फाइनल नहीं जीत पाए। टीएस सिंहदेव खुद महज 94 वोटों से अंबिकापुर से हार गए हैं।

एकजुट रहना जरूरी है

यह पूछे जाने पर कि क्या शीर्ष नेताओं में एकता से मदद मिलती? इस सवाल पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा, बिल्कुल 100 प्रतिशत. एकजुट घर, बंटे हुए घर से कहीं बेहतर होता है. तो क्या यह घर विभाजित है? सिंहदेव ने कहा कि इसके विभाजित होने या न होने का सवाल नहीं है, लेकिन सामान्य तौर पर, हर बार पूरे परिवार का एकजुट रहना जरूरी होता है।

सिंथेटिक एकता जैसी चीजें नहीं चलतीं

क्या आपके और पूर्व सीएम बघेल के बीच और एकता जाहिर करने से मदद मिलती? इस पर टीएस सिंहदेव ने कहा, यह सिर्फ हमारे बारे में और एकजुटता सिंथेटिक है, इसके बारे में नहीं है। बल्कि



जनता आसानी से चीजें देख लेती है। इसलिए सिंथेटिक चीजें नहीं चलती। आपको वास्तव में एक होना होता है और हर प्रयास किए जाने चाहिए, यह सिर्फ हमारे बीच का नहीं है, बल्कि कई लोग हैं और संगठन स्तर पर कई सेट हैं. यह किसी दो व्यक्ति तक सीमित नहीं है और हर स्तर पर यह जरूरी है कि हम एकजुट परिवार हैं.

आदिवासी वोट खिसकने पर दी यह प्रतिक्रिया

आदिवासी वोटों के बीजेपी की ओर खिसकने के मुद्दे पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि बस्तर और सरगुजा के आदिवासी इलाकों में कांग्रेस के नतीजों को अलग से देखने की जरूरत है। जहां 26 सीटों में से पार्टी केवल चार सीटें जीत पाई। बस्तर से चार हैं, सरगुजा से हम एक भी सीट नहीं जीत पाए। सरगुजा में पांच सीटें गैर-आरक्षित हैं, 9 आदिवासी सीटें हैं जबकि बस्तर में 11 आदिवासी सीटें हैं। दोनों जगह मिलाकर 20 आदिवासी सीटें हैं जिसमें हमने चार जीती हैं। समय-समय पर यहां बदलाव होता रहा है।

सिंहदेव ने साथी ही पिछले चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि एक समय था जब बीजेपी ने बस्तर में 12 में से 11 सीटें और सरगुजा में भी इतनी ही सीटें जीती थीं। लेकिन अगले चुनाव में बदलाव आया और कांग्रेस ने बड़ी संख्या में जीत हासिल की।

प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी

यह पूछे जाने पर कि राज्य में हार के लिए कौन जिम्मेदार है? सिंहदेव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है. आप इसे दूसरों पर नहीं थोप सकते। मुझे पहला और एकमात्र व्यक्ति होना चाहिए जिसे अंबिकापुर के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, मुझे सरगुजा कमिश्नरी के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, मुझे राज्य के अन्य हिस्सों के लिए भी डिप्टी सीएम के रूप में जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। यह हर व्यक्ति से शुरू होकर उसपर खत्म होता है तो इसे किसी पर नहीं थोपा जा सकता. चाहे बूथ स्तर पर हो या राज्य स्तर पर हर व्यक्ति जिम्मेदार है।

बीजेपी प्रत्याशी की हार से मायूस कार्यकर्ता ने मुंडवाया आधा सिर

महासमुंद/नवप्रदेश। विधानसभा चुनावों में नेताओं के साथ-साथ उनके कार्यकत्ताओं का भी हाई जोश देखा गया. राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के साथ-साथ उनके कार्यकर्त्ता ने भी चुनाव में बड़ी भागदौड़ की. अपने नेता को जिताने के लिए वो भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते थे. इसलिए उन्होंने भी रात-दिन एक कर रखा था. अपने नेताओं की जीत के बाद कहीं उनके कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए तो अपने नेता की हार के बाद उनके कार्यकर्त्ता भी मायूस दिखाई दिए। महासमुंद जिले से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है.

महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी अलका नरेश चंद्राकर की हार का उनके कार्यकर्त्ता पर गहरा असर पड़ा. अलका नरेश चंद्राकर की हार के बाद एक कार्यकर्त्ता ने अपनी आधी मूंछ और आधे बाल मुंडवा लिए. दरअसल, गांव बिहाझर के रहने वाले डेरहाराम यादव बीजेपी कार्यकर्त्ता है. उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अलका नरेश चंद्राकर का खूब प्रचार भी किया. जिसके बाद वो बीजेपी प्रत्याशी अलका नरेश चंद्राकर की जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त थे. डेरहाराम यादव की तरफ से अलका नरेश चंद्राकर की जीत का दावा भी किया गया था. यहीं नहीं उनकी तरफ से कहा गया था. कि अगर अलका नरेश चंद्राकर की इन विधानसभा चुनावों में जीत नहीं होगी तो वो अपनी आधी मूंछ और आधे बाल मुंडवा लेंगे और उसके बाद पूरे गांव में धूमेंगे.

डेरहाराम यादव ने निभाया अपना वादा

हुआ भी कुछ ही ऐसा ही कि बीजेपी प्रत्याशी अलका नरेश चंद्राकर चुनाव हार गई. तो चुनाव परिणाम आने पर डेरहाराम यादव ने अपना वादा निभाते हुए अपनी आधी मूंछ और आधे बाल मुंडवा लिए और गांव में घूमे. डेरहाराम यादव के इस अनोखे कारनामे की आसपास के गांवों में खूब चर्चा हो रही है इसके साथ ही उनकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

मौसम खराब होने से धान खरीदी प्रभावित

गरियाबंद/नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर जिले में भी हुआ है। मौसम के बदले मिजाज की वजह से जिले में मंगलवार से हल्की बूंदा बांदी हो रही है। मौसम में अचानक आये बदलाव की वजह से धान खरीदी प्रभावित हुई है। जिले के लगभग सभी धान उपार्जन केंद्रों में फिलहाल धान खरीदी बंद कर दी गई है। समितियों द्वारा बारिश को देखते हुये फिलहाल धान खरीदी नहीं करने का निर्णय लिया गया है। वैसे जिले में 1 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है, जो 30 जनवरी तक चलेगी।

जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु के अनुसार अब तक लगभग 10 लाख क्विंटल अर्थात 22 प्रतिशत धान की खरीदी की गई है , जबकि टारगेट 46 लाख क्विंटल का है। विभिन्न उपार्जन केंद्रों से मिली जानकारी के अनुसार धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में खरीदी किये गये धान को सुरक्षित रखने के तमाम प्रयाश किये गये है।

बस्तर संभाग से ये हो सकते हैं मंत्रिमंडल में शामिल

बस्तर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 54 सीटों की बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बना ली है और अब सभी की निगाहें प्रदेश के मुख्यमंत्री पर टिकी हुई है कि आखिर प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? वहीं मुख्यमंत्री के साथ-साथ मंत्रिमंडल को लेकर भी चर्चा चल रही है. छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर संभाग में भी इस चुनाव में बीजेपी 12 में से 8 सीटों में विजय हासिल की है. वहीं बीजेपी के तीन पूर्व मंत्रियों में से दो पूर्व मंत्रियों ने बड़े मार्जिन से चुनाव में जीत हासिल की है. इसके अलावा रिटायर्ड आईएएस नीलकंठ टेकाम भी दो बार के कांग्रेसी विधायक संतराम नेताम को बड़े मार्जिन से हराकर चुनाव जीता है.

वहीं बस्तर संभाग के एकमात्र सामान्य सीट में भी बीजेपी के प्रत्याशी किरण देव ने 30 हजार वोटो के अंतर से कांग्रेस के प्रत्याशी को हराया है. हालांकि कांग्रेस सरकार में बस्तर संभाग से दो विधायकों को ही कैबिनेट में जगह मिली थी, लेकिन इस बार माना जा रहा है कि बस्तर से चार विधायकों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है. जिनमें जगदलपुर विधानसभा से विजय प्रत्याशी किरण देव, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री लता उसेंडी दी और पूर्व मंत्री विक्रम उसेंडी भी शामिल है. इसके अलावा रिटायर्ड आईएएस अधिकारी नीलकंठ टेकाम भी मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं. हालांकि मुख्यमंत्री तय होने के बाद यह तय हो पाएगा कि बस्तर संभाग से इस बार बीजेपी सरकार कितने विधायकों को इस बार मंत्रिमंडल में जगह देती है, लेकिन फिलहाल इन पांच विधायको के नाम पर चर्चा जोरों पर है.

वहीं रिटार्यड आईएएस अधिकारी नीलकंठ टेकाम ने भी कांग्रेस के कद्दावर नेता को बड़े मार्जिन से चुनाव हरा दिया. इसके अलावा पूर्व वन मंत्री रहे विक्रम उसेंडी ने भी बड़े मार्जिन से कांग्रेस के प्रत्याशी को हराया. वही बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों में से एकमात्र सामान्य सीट में किरण देव ने कांग्रेस के जतिन जायसवाल को 30 हजार वोटो के अंतर से चुनाव हराया जो की अब तक के हुए विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोटो का अंतर है।

इन विधायकों के चुनाव जीत कर आने से अब बस्तर में यही कयास लगाया जा रहा है कि तीन पूर्व मंत्रियों के साथ सामान्य सीट के विधायक किरण देव और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी नीलकंठ टेकाम इन पांच विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है.

ये बन सकते हैं मंत्री

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर संभाग में इस बार बीजेपी ने ऐसे चेहरों को टिकट दिया है, जिन्होंने बड़ी मार्जिन से कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुनाव में हराया. हालांकि कोंटा विधानसभा, भानुप्रतापपुर और बस्तर में जरूर बीजेपी के प्रत्याशियो को हार मिली, लेकिन पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को बीजेपी के मंडल अध्यक्ष विनायक गोयल ने 8000 मतों के अंतर से हराया. वहीं इस बार बीजेपी ने बस्तर संभाग के बीजापुर, नारायणपुर और कोंडागांव में तीन पूर्व मंत्रियों को फिर से टिकट दिया. हालांकि बीजापुर में भी पूर्व मंत्री महेश गागड़ा को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन नारायणपुर और कोंडागांव में दोनों ही पूर्व मंत्रियों ने बड़े मार्जिन से इस चुनाव में जीत हासिल की।

शराब पीने पैसे नहीं देने पर पति ने लगाई आग

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के विश्रामपुर डीएवी स्कूल से बर्खास्त शराबी शिक्षक ने बीती रात अपनी शिक्षिका पत्नी को आग लगा दी। इस दौरान वह खुद को भी आग से जलाने कोशिश की। इस घटना में घायल शिक्षिका की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, आरोपी पति मामूली रूप से झुलस गया है।

मामला एसईसीएल विश्रामपुर के डीएमक्यू कॉलोनी का है। जहां पर डीएवी स्कूल के आर्ट टीचर सागर झा और उनका परिवार रहता है. हालांकि, कुछ दिन पूर्व ही सागर झा को डीएवी स्कूल प्रबंधन ने बर्खास्त कर दिया था. बर्खास्त टीचर की पत्नी 45 वर्षीय दीप्ति झा शासकीय कर्मचारी है, जो प्राथमिक शाला शिवनन्दनपुर में पढ़ाती हैं।

आरोपी पति भी झुलसा : शराब पीने का आदि पति हमेशा पत्नी से मारपीट और विवाद करता था. इसी कड़ी में बीती रात आरोपी ने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए रुपये की मांग की। शिक्षिका पत्नी ने जब शराब पीने के नाम पर रुपये नहीं दी, तो पति उत्तेजित हो गया और मारपीट करने लगा। इस दौरान उसने घर मे रखे तारपीन तेल को पत्नी पर डालकर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान वह खुद भी आग में झुलस गया।

मजिस्ट्रियल दर्ज किया पीड़िता का बयान- स्थानीय थाना से जानकारी के बाद आरबी मानिकपुरी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पिलखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने बुरी तरह झुलसी शिक्षिका दीप्ति झा का बयान दर्ज किया। इस दौरान शिक्षिका ने बताया कि शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर उसके पति ने उसके शरीर में तारपीन का तेल डालकर आग लगा दी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई है।

शिक्षिका की हालत गंभीर

आग लगने के बाद शिक्षिका घर से बाहर भागी, तो तत्काल पड़ोसियों ने किसी तरह आग बुझाई। हालांकि, जब तक आग बुझ पाती शिक्षिका लगभग 70 प्रतिशत तक जल चुकी थी। जहां लोगों की मदद से तत्काल विश्रामपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देख हुए मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर रेफर कर दिया.

ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा को युवक ने मारा चाकू, गंभीर

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में एक युवक ने नाबालिग छात्रा को चाकू मार दिया, चाकू से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार,11 वीं क्लास की नाबालिग छात्रा ट्यूशन से अपने घर लौट रही थी। इसी बीच आरोपी युवक आया और उसने छात्रा के पेट और सिर पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। आरोपी युवक ने छात्रा को व्हाट्सएप पर चाकू मारने की धमकी दी थी। पकड़े जाने पर आरोपी युवक ने छात्रा पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। फिलहाल आरोपी युवक अभी पुलिस की हिरासत में है।

तेंदुए की धमक से फिर उड़ी लोगों की नींद

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर के साथ ही आसपास के इलाकों में एक बार फिर से तेंदुए के आमदरफ्त से नागरिकों के होश उड़े हुए हैं। बताया जाता है कि छुरा से लगे ग्रामीण अंचलों में तेंदुआ देखा गया है।

इधर वन विभाग ने तेंदुओं की मौजूदगी के बाद लोगों को सतर्क करने के लिए पिछले 15 दिनों से जंगली क्षेत्रों में मुनादी करवा रहा है। वन विभाग के अधिकारी लोगों को सचेत कर रहे हैं कि वे वन्य क्षेत्रों में ना जाएं। वही वन अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम लगातार बनी हुई है , बीते दिनों रकसी गाँव में तेंदुए ने एक मासूम बच्ची पर हमला कर दिया था उसके बाद एक बार फिर शहर के उसी क्षेत्र में तेंदुआ देखा गया है। तेंदुए के देखे जाने की खबर आग की तरह फैली और छुरा के एक इलाके में दहशत का माहौल बन गया। दरअसल, छुरा क्षेत्र के रसेला से हीराबतर मुख्य मार्ग में आज सुबह फिर तेंदुआ देखा गया।वही वन विभाग ने जारी किया हाई अलर्ट। आपको बता दें 2 दिसम्बर को नवाडीह में एक चार वर्षीय बच्ची पर तेंदुआ ने हमला कर दिया था वहीं रसेला से हीराबतर मुख्य मार्ग पर कल फिर तेंदुआ देखा गया ,मिली जानकारी के अनुसार कुड़ेरादादर से मुढ़ीपानी मार्ग पर तेंदुआ देखा गया है, ग्रामीण अपने काम से खेत खलिहान और जंगलों में जाने से डरने लगे हैं वही वन विभाग की टीम मानिटरिंग करने में तो लगी हुई है, तेंदुआ की देखे जाने की जानकारी वन विभागको दे दी गई है।

फ्रीज का कंप्रेशर फटने से घर में लगी आग

कोरबा/नवप्रदेश। श्याम मंदिर के पास एक मकान में फ्रिज का कंप्रेशर फटने से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, तब तक काफी सामान जल कर राख हो चुका था। मिशन रोड स्थित आशा देवी शर्मा के मातृ छाया नाम से बने इस घर की प्रथम मंजिल में आगजनी की घटना मंगलवार की दोपहर हुई। बताया जा रहा है कि फ्रिज का कंप्रेशर तेज आवाज के साथ फटा। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

खराब मौसम से हवाई सेवा बाधित

जगदलपुर/नवप्रदेश। समुद्री तूफान मिचौंग के असर से प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। आसमान में छाए काले बादल और हल्की वर्षा से मौसम काफी सर्द हो गया है। वहीं दूसरी ओर इससे हवाई सेवा भी बुरी तरह से बाधित हो गई है। खराब मौसम के चलते आज नगर से हवाईसेवा पूरी तरह से ठप रही। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटे में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान सर्द हवा के साथ तापमान में भी गिरावट का अनुमान है। बारिश के चलते जहां रेल मार्ग पर लैंडस्लाइड की घटना सामने आई है, वहीं विजिबिलिटी की अभाव में हैदराबाद से जगदलपुर आ रहे विमान को वापस लौटना पड़ा।

सांसद पांडेय ने लोकसभा में नांदगांव को डाक विभाग का संभाग बनाने की रखी मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने बुधवार को लोकसभा में राजनांदगांव में डाक विभाग का संभाग नहीं होने से होने वाली परेशानियों का मुद्दा उठाया और राजनांदगांव को डाक विभाग का संभाग बनाने की मांग की। सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में कहा कि संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में डाक विभाग का उपसंभाग है, किंतु संभागीय कार्यालय अन्यत्र जिला भिलाई (दुर्ग) में होने के कारण राजनांदगांव जिला सहित पास लगे हुए अन्य जिले व लोकसभा क्षेत्र के नागरिक एवं कर्मचारी डाक विभाग से संबंधित कार्य हेतु भिलाई (दुर्ग) पर निर्भर

रहते है। डाक संभाग कार्यालय दूरस्थ होने के कारण आम जनता का समय और आवागमन में पैसा दोनों बर्बाद होता है। गत दिनों मेरे संसदीय क्षेत्र के जिलों की संख्या दो से बढ़कर चार हो गई है। जिसमें से एक जिला पूर्णता आदिवासी जिला है। राजनांदगांव उपसंभाग अंतर्गत वर्तमान में कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी जो कि पूर्णता आदिवासी जिला भी है, विकासखंड डोंगरगढ़ व डोंगरगांव, उपसंभाग के रूप मे कार्यरत हैं। उक्त सभी उपसंभाग की दूरी राजनांदगांव जिला मुख्यालय से समीप है, किन्तु वर्तमान संभागीय कार्यालय की औसत दूरी सभी जिलों से 120 किमी है। इसके मद्देनजर उक्त उपसंभागों को जोड़कर राजनांदगांव को पूर्ण संभाग का दर्जा देने की मांग की। संभाग बन जाने से डाक विभाग से संबंधित समस्त कार्य राजनांदगांव से होने लगेगा तथा संपूर्ण कार्य में अनावश्यक विलंब ना होकर कार्य त्वरित गति से होने लगेगा।